नई दिल्ली
मंगलवार, 24 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 70
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


प्रधानमंत्री 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के समापन कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होंगे

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव पीएम मोदी से मिले, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री को 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के समापन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। यह कार्यक्रम 30 मार्च को शुरू हुआ था। अभियान का समापन कार्यक्रम 30 जून को होगा। प्रधानमंत्री मोदी इसमें वर्चुअल शामिल होंगे। इसके साथ ही सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर में होने वाले कार्यक्रम के लिए भी प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 7 पर

एयर इंडिया 182 कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी पर विदेश मंत्री की प्रतिक्रिया

# पूरी दुनिया को आतंकवाद-उग्रवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' दिखानी चाहिए: जयशंकर

- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आयरलैंड में दी कनिष्क आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आज के दिन चालीस साल पहले 23 जून 1985 को आयरलैंड के तट पर एयर इंडिया की विमान संख्या 182 (कनिष्क) पर बम विस्फोट के जरिए एक कायराना आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कनाडा के 268, भारत के 24 और ब्रिटेन के 27 नागरिकों समेत कुल 329 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। हमले के पीछे ▶▶ शेष पेज 7 पर

### आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता जरूरी



उधर, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आयरलैंड के कॉर्क के अहाकिस्ता में इस आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उसके बाद दिए अपने संबोधन में उन्होंने संपूर्ण विश्व से आतंकवाद के खिलाफ एकता प्रदर्शित करने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया को न केवल इन गंभीर शोक की अलग-अलग घटनाओं में बल्कि आतंकवाद से निपटने के लिए सामूहिक और सक्रिय प्रयासों में भी एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने 23 जून की त्रासदी को याद करते हुए कहा कि ये एक आतंकी हमला नहीं था। बल्कि भारत को विभाजित करने के इच्छुक अतिवादी तत्वों द्वारा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### दशकों से आतंकवाद से जूझता भारत

*पुरी ने कहा, भारत दशकों से जम्मू-कश्मीर, पंजाब और मुंबई में आतंकवाद के कहर से जूझ रहा है। हमारे लोगों ने बम विस्फोट, हत्याएं और अत्याचार सहे हैं। पूरी दुनिया हालांकि इससे प्रभावित है। बीते साल 2024 में वैश्विक आतंकवाद से जुड़ी हुई मौतों में 22 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री ने इस साझा खतरे का मुकाबले करने में भारत के साथ आने के लिए कनाडा सरकार से आह्वान करते हुए कहा कि कनाडा भारत का एक मूल्यवान साझेदार और मित्र है। दोनों देश आपस में जीवंत सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध रखते हैं। भारत, कनाडा को खुफिया जानकारी साझा करने, कट्टरपंथ विरोधी प्रयासों, आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने में दोनों के बीच गहन सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारत इससे और भी अधिक करने के लिए तैयार है। हमारी सुरक्षा एजेंसियां, खुफिया तंत्र और कूटनीतिक समूह दुनिया के साथ साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिससे ये सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी त्रासदियों की पुनरावृत्ति न हो सके।*

क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास और राज्यों से जुड़े मुद्दों पर होगी चर्चा

## आज सीएम यादव वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल

- इसमें 4 राज्य- मप्र, यूपी, उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक में शामिल होंगे। वाराणसी में पहली बार होने जा रही इस अहम बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 7 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### सोनम की मदद करने वाले लोकेंद्र को भी दबोचा



**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में 8वें आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। राजा की हत्या के बाद सोनम को फ्लैट की व्यवस्था करने वाले लोकेंद्र तोमर को ग्वालियर से हिरासत में ले लिया गया है। इंदौर पुलिस अब उसे 2-3 घटे में मेघालय पुलिस को सौंपेगी। अब तक इस मामले में सात गिरफ्तारी हो चुकी हैं और लोकेंद्र तोमर इस कहानी का सबसे नया किरदार है।

#### स्वर्ण आभूषण के आपूर्तिकर्ता से लाखों की धोखाधड़ी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने सोने के आभूषण की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति से 93.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक जौहरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की शाहपुर क्षेत्र के खरदी में एक दुकान है। उसने पिछले तीन वर्षों में आपूर्तिकर्ता से 950 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे हैं। लाखों का भुगतान नहीं किया।

#### 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न, शिक्षक गिरफ्तार



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी, जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। 24 छात्राओं ने शिकायत दी।

ईरान पर अमेरिकी हमले से बढ़ते तनाव के बीच विदेश, आर्थिक और सैन्य मामलों के विशेषज्ञों ने दी यह प्रतिक्रिया।

# इजरायल-ईरान युद्ध से तेल, व्यापार संग संकट में मध्य-पूर्व में रह रहे 95 लाख भारतीय!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

विशेष खबर






इजरायल और ईरान की लड़ाई में अमेरिका के शामिल होने से समूचे मध्य-पूर्व के इलाके में बढ़ते तनाव का पूरी दुनिया समेत भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा। ईरान पहले ही इस दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दे चुका है।

तो वहीं, हूती विद्रोही लाल सागर का रंग हकीकत में लाल करने को तैयार बैठे हैं। इन सबके बीच हरिभूमि ने इस युद्ध के भारत पर पड़ने वाले कुछ बड़े और महत्वपूर्ण प्रभावों को लेकर विदेश, आर्थिक और सैन्य मामलों के विशेषज्ञों से बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया ली है। जिसमें क्या तनाव बढ़ने से मध्य-पूर्व से भारत का तेल-गैस आयात प्रभावित होगा?, देश में क्या महंगाई बढ़ने की आशंका है? ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 95 लाख भारतीयों की सुरक्षा बड़ा मुद्दा

पूर्व राजनयिक अनिल त्रिगुणायत ने कहा कि मैं इस युद्ध को लेकर कुछ बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान दिलाना चाहता हूं। जिसमें सबसे पहले ऊर्जा सुरक्षा का मामला आता है। फिर आर्थिक गतिविधियां, तीसरी स्थान पर खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले 9.5 मिलियन यानी लगभग 95 लाख भारतीय और अंत में आता समुद्री आवागमन। ईरान कह रहा है कि वो होर्मुज जलडमरूमध्य के समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। क्योंकि यह उसके काफी करीब है। हूती बाबल मंदर और लाल सागर के करीब हैं। ऐसे में अगर खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष फैलता है यानी ईरान के अलावा अन्य देश भी इसमें शामिल होते हैं तो यह भारत के लिए एक बेहद गंभीर समस्या खड़ी कर देगा। जिसका संबंध केवल कच्चे तेल के आयात तक ही सीमित नहीं रहेगा। बल्कि खाड़ी के विभिन्न देशों में जो कुल करीब 9.5 मिलियन भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा पर भी इससे गंभीर सवालिया निशान खड़ा हो जाएगा? इस दृष्टिकोण से समझें तो प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान की हालिया बातचीत काफी अहम हो जाती है।

### राष्ट्रीय हितों की पूर्ति करती विदेश नीति

त्रिगुणायत ने कहा, इजरायल हमारा रक्षा और ईरान प्राचीन सभ्यता कालीन सांस्कृतिक भागीदार है। मौजूदा हालात में भारत ने एक संतुलित विदेश नीति अपनाई है। जिसमें हमने दोनों में से किसी का पक्ष नहीं लिया। केवल बातचीत और कूटनीति के जरिए संयम के साथ तनाव कम करने की अपील की है। ये भारत की गठबंधन रहित नीति का प्रमाण प्रस्तुत करता है। अगर हम किसी एक देश का पक्ष लेंगे तो हमारा मत विभाजित हो जाएगा। लेकिन आज तक हमें संतुलित विदेश नीति का काफी फायदा हुआ है। क्योंकि ये हमारे राष्ट्रीय हितों की पूर्ति करती है।

कतर, इराक और सीरिया, कुवैत, बहरीन में दागी मिसाइलें

### ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

*एजेंसी,नई दिल्ली। ईरान ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। ईरान ने सोमवार की देर रात कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे अल उदीद पर मिसाइल हमला किया है। अमेरिका की ओर से ईरान के परमाणु केंद्रों पर बमबारी के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। ईरान ने सरकारी टेलीविजन पर इस हमले की घोषणा की। टेलीविजन पर इसे अमेरिका की आक्रामकता के खिलाफ एक शक्तिशाली और कामयाब जवाब बताया गया। यह हमला उस समय किया गया है, जब कतर ने अपना हवाई क्षेत्र बंद किया है। कतर, बहरीन, कुवैत और इराक में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। कतर की राजधानी दोहा में भी विस्फोट की आवाजें सुनी गई हैं। यह धमाके तब हुए हैं, जब कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के जवाबी हमले की अटकलें लगाई जा रही थीं। इस बीच कतर ने पहले ही अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया है। अमेरिकी दूतावास ने अपने सभी नागरिकों को आगामी सूचना तक सुरक्षित ठिकानों पर रहने को कहा है। हालांकि कतर के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को रोक दिया है, और कोई भी हताहत नहीं हुआ। कतर ने ईरान को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।*

नई दिल्ली में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

## पंचायतों को स्वयं के स्रोत से राजस्व उत्पन्न करने के लिए प्रशिक्षकों ने साझेदारी की



एमओपीआर ने आईआईएम अहमदाबाद के साथ साझेदारी की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली में सोमवार को सचिव, पंचायती राज मंत्रालय विवेक भारद्वाज ने "ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं के स्रोत से राजस्व सृजन" पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

उद्घाटन सत्र में आईआईएम अहमदाबाद के संकाय सदस्यों, आईआईपीए के अधिकारियों, 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नामित मास्टर प्रशिक्षकों और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य रूप से पंचायतों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और विकास के लिए तैयार संस्थान बनाने के उद्देश्य से यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के तहत मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अपने मुख्य संबोधन में, भारद्वाज ने आत्मनिर्भर पंचायतों के निर्माण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वयं के स्रोत से राजस्व (ओएसआर) को एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पंचायतों की अपना राजस्व अर्जित करने और उसका प्रबंधन करने की क्षमता केवल एक राजकोषीय चिंता नहीं है, बल्कि उनके नेतृत्व, सार्वजनिक विश्वसनीयता और संस्थागत परिपक्वता का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने एक मजबूत, शोध आधारित और क्षेत्र अनुकूल प्रशिक्षण ▶▶ शेष पेज 7 पर

सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश, वैज्ञानिक अध्ययन कर दुर्घटनाओं के कारणों की होगी पहचान

## हरियाणा में सार्वजनिक परिवहन वाहनों में लगेगा वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस

*मुख्यमंत्री सैनी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा सरकार ने राज्य में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) से युक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ में हुई परिवहन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए और टाइमलाइन तय की जाए। उन्होंने कहा कि विभागवार या जिलावार लक्ष्य निर्धारित करके इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रणाली को आपातकालीन प्रणाली 112 सेवा के साथ एकीकरण भी किया जाए। यह पहल राज्य में महिलाओं के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित ▶▶ शेष पेज 7 पर

पायलट को सही लैंडिंग पोजिशन (दिशा या दूरी) का आकलन करने में कठिनाई का आभास हुआ

## दिल्ली से जम्मू जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट बिना लैंडिंग किए लौट गई, कारण 'साफ' नहीं

*जम्मू एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक मंडराता रहा विमान*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर




सोमवार दोपहर एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली जब दिल्ली से जम्मू होते हुए श्रीनगर जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-2564, जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना ही वापस दिल्ली लौट गई। यह घटना उस समय हुई जब विमान जम्मू एयरपोर्ट के आसपास काफी देर तक मंडराता रहा, लेकिन अंत में पायलट ने दिल्ली लौटने का फैसला किया। अधिकारियों के अनुसार यह फ्लाइट दोपहर करीब 12 बजे जम्मू एयरपोर्ट पर उतरने वाली थी, जिसके बाद उसे श्रीनगर के लिए रवाना होना था। लेकिन, जब विमान जम्मू के ऊपर पहुंचा, तो वह कुछ समय तक आसमान में ही चक्कर लगाता रहा और फिर अचानक वापसी कर गया। अधिकारियों ने बताया कि मौसम पूरी ▶▶ शेष पेज 7 पर

पीएमओ का नया प्लान, जल्द होगा ऐलान

## 8 हजार करोड़ के फंड से आठ शहर नहीं अब एक लाख की आबादी वाले छोटे शहरों का किया जाएगा विकास

जबलपुर एक्सटेंशन अयोध्या, असम का जागीरोड, गुजरात की गिफ्ट सिटी महाराष्ट्र के विरुल और सावरगांव जैसे शहरों की योजना पर लगा फुल स्टॉप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिश पर शुरू की गई आठ नए ग्रीनफील्ड शहरों को विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को रद्द कर दिया है। इस योजना के लिए 8 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित था, लेकिन अब इस राशि को एक नई योजना में शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य छोटे शहरों के विकास को बढ़ावा देना है। इस फैसले से जहां छोटे शहरों में खुशियों की लहर है वहीं ऐसे राज्यों में निराशा पैदा हुई है, जहां प्रस्तावों पर काम शुरू कर दिया गया था। खासकर उत्तर-पूर्वी और पहाड़ी राज्यों को इस योजना से उम्मीद थी। उनके लिए विशेष छूट दी गई थी। उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए प्रस्तावित शहरों का आकार 25 हेक्टेयर और जनसंख्या 25,000 तक सीमित थी, जबकि अन्य राज्यों के लिए यह 50 हेक्टेयर और 1 लाख थी। छोटे शहरों के विकास पर फोकस से ग्रामीण-शहरी कनेक्टिविटी और स्थानीय अर्थव्यवस्था ▶▶ शेष पेज 7 पर

### छोटे शहरों का विकास

*अब इस 8 हजार करोड़ रुपये को एक नई योजना में शामिल किया जाएगा, जिसके तहत छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने पर ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय, नीति आयोग, और एशियाई विकास बैंकके बीच इस नई योजना के लिए विचार-विमर्श चल रहा है। यह योजना विशेष रूप से उन शहरों को लक्षित करेगी जिनकी जनसंख्या 1 लाख से कम है।*





छत्तीसगढ़ में
नई औद्योगिक क्रांति
• स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष अनुदान
• ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज
• आधुनिक खेती से लेकर खिलौना उद्योग तक को बढ़ावा
• पर्यटन और होटल व्यवसाय को बढ़ावा
• वस्त्र क्षेत्र में निवेश पर अब 200% तक का प्रोत्साहन
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सुशासन से समृद्धि की ओर
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## भाजपा ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वादा किया पूरा : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती भी है। भाजपा ने दिल्ली के विधान सभा चुनाव के समय ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने का वादा किया गया था। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को निगम मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान यह बात दावे के साथ कही। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली में व्यापार करने की प्रक्रिया को इतना सरल कर देंगे कि व्यापारी का ध्यान केवल व्यापार में रहेगा किसी भी प्रकार की कागजी कार्रवाई में नहीं। उन्होंने कहा कि कागज़ी कार्रवाई को सरलीकृत करने के लिए रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की कि किसी भी होटल,मोटल रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल, डिस्को आदि का हेल्थ लाइसेंस लेने के लिए दिल्ली पुलिस का अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नहीं है। स्थायी समिति अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि प्रेसवार्ता में होटल आदि व्यवसाय से जुड़े लाइसेंस लेने की प्रक्रिया निगम सरल करेगा और इंस्पेक्टर राज का खात्मा होगा। वहीं नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि नई पीढ़ी नए उद्यम लगाए, नए व्यापार लगाए, तो उनकी बाधाओं को दूर करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है।

## सीएम रेखा गुप्ता ने मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ की बैठक

# 'छात्रों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं दिल्ली सरकार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हम दिल्ली के सभी छात्रों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही, और संवेदनशीलता के साथ छात्रों के साथ खड़ी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) के छात्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यह बाते कही। उन्होंने कहा कि मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के छात्र हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और हम उनकी हर संभव सहायता करेंगे।

जानकारी के अनुसार बैठक में हॉस्टल की जर्जर स्थिति, परिसर की सुरक्षा, अपर्याप्त लाइट व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड, अवैध अतिक्रमण, और छात्रों के लिए भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल सुधार के लिए ठोस कदम उठाने के लिए सभी सम्बंधित अधिकारियो को निर्देश दिए। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कॉलेज प्रशासन तथा छात्र और उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'नए हॉस्टल का जल्द किया जाए निर्माण'

मुख्यमंत्री ने मौजूदा हॉस्टलों की मरम्मत और नए हॉस्टल के जल्द निर्माण के निर्देश दिए। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कॉलेज परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइट, दिन रात सातों दिन सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड की संख्या बढ़ाई जाएगी। कॉलेज परिसर में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। दिल्ली सरकार छात्रों को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करने के लिए कृतसंकल्पित है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर 15 दिन में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज का दौरा कर, विकास कार्यो का निरीक्षण करेंगी।

### चात्रावासों की बदतर हालत पर मुख्यमंत्री ने जताई चिंता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज के छात्रावासों की बदतर हालत पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि 1966 से 1990 के बीच बने कॉलेज के सात हॉस्टलों की क्षमता केवल 1200 विद्यार्थियों की है, जबकि वर्तमान में यहां लगभग 3200 छात्र-छात्राएं अत्यंत दयनीय और असुविधाजनक परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं। एक कमरे में आठ-आठ बिस्तर, साझा अलमारी और स्टडी टेबल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव इस स्थिति को और भी चिंताजनक बना देता है। उन्होंने इसे पूर्ववर्ती सरकारों की घोर लापरवाही और जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने का प्रतीक बताया और इसे अत्यंत गंभीर एवं शर्मनाक स्थिति कहा।

## लाखों लोगों व उनके परिवारों को मिलेगी राहत : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

▪ कानून व्यवस्था में सुधार होगा, महिलाएं अब होंगी ज्यादा सुरक्षित

दिल्ली पुलिस को सात व्यापारिक गतिविधियों जैसे होटल, मोटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पूल, ऑडिटोरियम, वीडियो गेम पार्लर, डिस्कोथेक और मनोरंजन पार्क के लिए लाइसेंस/एनओसी से मुक्त करना एक बहुत ही बड़ा निर्णय है। इस निर्णय से लाखों लोगों व उनके परिवारों को राहत तो मिलेगी ही, साथ ही दिल्ली की कानून- व्यवस्था में सुधार होगा तथा दिल्ली और सुरक्षित होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्हांने कहा कि दिल्ली की जनता के लिए यह फैसला बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है।

प्रक्रिया आसान होगी, खर्च और समय की बचत होगी। 'व्यापार करने में आसानी' को बल मिलेगा, जिससे नए स्टार्टअप्स, होटल और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब चार दशकों की इस समस्या को केंद्र सरकार ने खत्म कर दिया है। इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व उपराज्यपाल वीके सक्सेना की आभारी हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार हम लाइसेंस प्रणाली में पारदर्शिता लाएंगे ताकि कारोबारियों व अन्य लोगों का समय पर काम हो सके। उन्होंने कहा कि उक्त सात व्यापारिक गतिविधियां चलाने के लिए दो-दो लाइसेंस लेने पड़ते थे, इनमें एक स्थानीय निकाय से और दूसरा दिल्ली पुलिस से। अब यह दोहराव खत्म कर दिया गया है। अब केवल स्थानीय निकाय से ही लाइसेंस लेना होगा, पुलिस से नहीं।

## एबीवीपी ने किया दिल्ली स्थित केरल भवन पर प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को दिल्ली स्थित केरल भवन पर एबीवीपी ने जोरदार प्रदर्शन किया। एबीवीपी दिल्ली प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने सोमवार को केरल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एबीवीपी केरल के प्रदेश मंत्री ई. यू. ईश्वर प्रसाद पर 21 जून की रात को तिरुवनंतपुरम में एसएफआई के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गया बर्बर हमला स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि केरल की वामपंथी सरकार वैचारिक रूप से दिवालिया हो चुकी है। प्रशासन और सत्ता की मदद से वह संगठित हिंसा के सहारे छात्र आंदोलनों को कुचलना चाहती है। आज हमने दिल्ली स्थित केरल भवन पर इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं केरल सरकार को चेताया कि यदि पीएम श्री योजना को लागू नहीं किया गया, दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई और शिक्षा क्षेत्र से हिंसा का अंत नहीं किया गया, तो एबीवीपी देश के कोने-कोने में इसके लिए आंदोलन करेगी। एबीवीपी ने वामपंथी सरकार पर हमला प्रायोजित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े तथा हमलावरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

परिषद का मानना है कि पीएम श्री योजना वंचित एवं जरूरतमंद छात्रों के हित में है और इसके विरोध का कोई औचित्य नहीं है। इस योजना को वैचारिक कारणों से अस्वीकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## आज 3,400 गड्ढों को भरकर मानसून के लिए किया जाएगा तैयार : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में आज 24 जून को, दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) एक दिन के भीतर 3,400 गड्ढों को भरकर 1,400 किलोमीटर से अधिक सड़कों को सुरक्षित, सुगम और मानसून के लिए तैयार करेगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह नहीं है कि पिछले चार महीने से कुछ नहीं हो रहा था। गड्ढे भरने का काम लगातार चल रहा था। लेकिन अब क्योंकि मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है, इसलिए हमने तय किया है कि कल, एक ही दिन में 3,400 चिन्हित गड्ढों को भर दिया जाएगा। ये सिर्फ एक मरम्मत नहीं, जनता से किया गया वादा निभाने का दिन होगा। उन्होंने कह कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार, राजधानी की सड़कों को गड्ढा-मुक्त करने के लिए एक ऐतिहासिक और निर्णायक पहल की जा रही है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में शुरू किए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य सिर्फ सड़कों की मरम्मत नहीं, बल्कि दिल्ली की जनता को यह भरोसा देना है कि अब विकास में कोई कोताही, कोई घोटाला और कोई बहाना नहीं चलेगा।

### 'यह पहल केवल दिखावे के लिए नहीं'

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल केवल दिखावे के लिए नहीं है, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी प्रणाली की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि जब काम बिना भ्रष्टाचार के होगा, तो गड्ढे बनेंगे ही नहीं। जब काम पीडब्ल्यूडी के तय मापदंडों के अनुसार होगा, तब सड़कों पर जनता को तकलीफ नहीं होगी। यही हमारा संकल्प है।

### जब सिस्टम जवाबदेह होता है, तो काम भी होता है टिकाऊ

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह अभियान सिर्फ सड़कों की मरम्मत का नहीं है, यह दिल्ली की जनता के प्रति हमारी जवाबदेही का प्रतीक है। जब सिस्टम जवाबदेह होता है, तो काम भी टिकाऊ होता है। उन्होंने कहा कि हर इंजीनियर, सुपरवाइज़र और मज़दूर से यही कहा गया है कि यह दिन सिर्फ काम का नहीं, सेवा का है। गड्ढा भरना सिर्फ कोलतार डालना नहीं है, यह उस नागरिक के लिए राहत है जो हर दिन इन सड़कों से गुजरता है। मंत्री ने साफ किया कि लोक निर्माण विभाग ने अब तक 150 किमी की सड़क बनी दी है और बाकी 100 किमी भी कुछ दिनों में तैयार हो जाएगी। अगले मार्च तक 500 किमी सड़क बनाने का लक्ष्य है।

## जन समस्याओं को दूर करने के लिए विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य : रविन्द्र इन्द्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बवाना विधानसभा के दीप विहार क्षेत्र के विकास के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि जनता को शीघ्र राहत मिल सके। समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने सोमवार को उक्त क्षेत्र का दौरा कर जन समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को लेकर यह बातें कही।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण हों और समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

▪ मत्री ने बवाना विधानसभा में किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यकता वाले कार्यों को शुरू करने और अन्य कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीएसआईआईडीसी, नगर निगम दिल्ली, दिल्ली जल बोर्ड (मेंटेनेंस व प्रोजेक्ट), ज़ोनल रेवेन्यू ऑफिसर तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने आवास पर पहुंच किया यादव का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के आवास पर जाकर उनका फूल मालाओं से स्वागत करते हुए धन्यवाद किया। जबकि प्रदेश ने सभी को बधाई और बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मंत्र दिया कि मिलकर कांग्रेस के लिए कार्य करो। जानकारी अनुसार इस मानक पुरा, देव नगर, रमेश नगर, कर्मपुरा, आंबेडकर नगर और वार्ड 165 ब्लॉक सहित अन्य नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष व अन्य नेता मौजूद थे। इस मौके पर यादव ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि कांग्रेस ने आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। संगठन को मजबूत करते हुए आगे बढ़ाने में ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी किसी भी तरह कम नहीं होती। अपने ब्लॉक में कांग्रेस का प्रचार करते हुए लोगों की परेशानियों को सुनना, समझना व उनका हल करना हमारी जिम्मेदारी का हिस्सा है। क्षेत्र के युवाओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं, उनको जोड़ना, लोगों की सहायता करते हुए दिल्ली की वर्तमान ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार की पोल खोलिए। वहीं आम आदमी पार्टी की 11 साल रही सरकार के एक एक भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कांग्रेस की तत्कालीन 15 साल की सरकार के कार्यों को गिनवाएं। क्योंकि आज भी दिल्ली के लोग तत्कालीन शीला सरकार की उपलब्धियों को भूले नहीं है।

## पुण्य तिथि पर भाजपा नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

# डॉ. मुखर्जी ने शुरू की थी राष्ट्र की एकता और अखंडता की लड़ाई : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज जिस शख्सियत की प्रतिमा के सामने हम सब एकत्र हुए हैं, उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता की लड़ाई शुरू की। 1947 में देश आजाद तो हो गया लेकिन उसके बाद देश को अखंडता की लड़ाई लड़नी पड़ी और इसके कोई परोधा थे तो वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनसंघ के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार 23 जून को भाजपा नेताओं की उपस्थिति में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान श्रद्धांजली सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को बताया कि इस देश में दो विधान दो संविधान नहीं चलेगा और साथ ही उन्होंने आवाज उठाई कि कश्मीर हमारा है। लेकिन इस देश में तत्कालीन सरकारों ने देश को सिर्फ बांटने का काम किया। उस वक्त की सरकार ने कभी पाकिस्तान बनाया तो कभी बांग्लादेश दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाये रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जनसंघ के संस्थापक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धासुमन अर्पित किये।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने श्रद्धांजली सभा ने कहा कि अगर आपको राष्ट्रीयता को समझना हो, राष्ट्रीय नीति समझना हो या फिर भारतीय राजनीति या संस्कृति समझनी है तो आपको डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पढ़ना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी नेता एवं कार्यकर्ताओं ने जहां बलिदान हुए मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है जैसे नारे लगा कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया।

## नन्हें कलाकारों की प्रतिभा से सजा 'नटखट उत्सव-2025'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने साहित्य कला परिषद की ओर से ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसायटी, 1 रफी मार्ग में सोमवार से आयोजित वार्षिक 'नटखट उत्सव-2025' की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'नटखट उत्सव' के साथ आज दिल्ली बच्चों की रंग-बिरंगी कल्पनाओं, जोश और रचनात्मकता से सराबोर है। 26 जून तक चलने वाले इस 'नटखट उत्सव' का आयोजन शिक्षा निदेशालय और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के सहयोग से किया जा रहा है। यह उत्सव दिल्ली सरकार के 44 स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान आयोजित कला कार्यशालाओं की शानदार परिणति है, जिनमें 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, रंगमंच और ललित कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## युवा प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष से की भेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में सोमवार को नेशनल गवर्नेंस टूर 2025 पर आए देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू और अन्य विश्वविद्यालयों के 28 राज्यों के 45 युवा छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से भेंट की। यहां "शहरी शासन में विधायी पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना" विषय पर आयोजित संवाद में छात्रों ने दिल्ली में विधायी प्रक्रियाओं में जन-भागीदारी और संस्थागत निगरानी को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। अध्यक्ष गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में विधायी संस्थाओं की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित किया और उन्हें ईमानदारी तथा सेवा भावना से जनजीवन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों के योजनाबद्ध और लोकतांत्रिक शासन पर उनके दृष्टिकोण की सराहना की तथा 20 मिनट के संवाद में छात्रों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का उत्तर दिया।

## क्राइम ब्रांच ने 'ऑपरेशन ट्रैक बैक' के तहत मालिकों को लौटाये बरामद मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन ट्रैक बैक-2 के तहत खोये या चोरी हुये मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को लौटाये हैं। हाल ही में क्राइम ब्रांच ने 265 हाई-एंड इंटरसेप्टेड मोबाइल फोन बरामद किए थे। अपने मोबाइल वापस पाकर उनके मालिक भी काफी खुश नजर आये। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 19 फरवरी 2025 को 'ऑपरेशन ट्रैक बैक-I' कार्यक्रम का आयोजन किया था और 216 बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे थे। अब इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने सोमवार को आदर्श ऑडिटोरियम, पुलिस मुख्यालय में 'ऑपरेशन ट्रैक बैक-2' कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त, अपराध देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने की। इसके अलावा उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध सुरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय कुमार सैन व मंगेश कश्यप के अलावा सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक शामिल थे। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने इस पहल की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि जघन्य अपराधों को सुलझाने के अलावा, इस तरह के प्रयास आम नागरिकों को खुशी भी देते हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच की टीमों को समर्पण और ईमानदारी के साथ इस तरह के प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच की साइबर सेल की समर्पित टीमों ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां की हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय मोबाइल चोरी और तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा। कुल 265 चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए और 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिससे 72 मामलों का समाधान हुआ। इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने पिछले चार महीनों में कई छापे मारे, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न आरोपियों से 117 मोबाइल फोन बरामद हुए। सत्यापन करने पर पता चला कि बरामद किए गए कुछ फोन पर ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज थी, जबकि अन्य को दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉस्ट रिपोर्ट के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। विशेष रूप से बरामद किए गए मोबाइल फोन में से 25 पंजीकृत ई-एफआईआर से जुड़े थे और 34 दिल्ली और अन्य राज्यों में दर्ज एनसीआर लॉस्ट रिपोर्ट से जुड़े थे। क्राइम ब्रांच की एसआर टीम ने भारत उर्फ रावत और राहुल उर्फ कुणाल नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया और 40 छीने/चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद किए।

**खबर संक्षेप**

## हिंडन रिवर फ्रंट से शहर को मिलेगी नई पहचान



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद को हिंडन रिवर फ्रंट से एक नई पहचान मिलेगी। जिले के सांसद से लेकर विधायक की तरफ से इसको लेकर प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पिछले दिनों सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में हुई दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितियां) की बैठक में यह मामला उठा। इसके बाद सांसद ने इस मामले का एस्टीमेट तैयार करने के साथ ही डीपीआर तैयार करवाने की बात कही है। सिंचाई विभाग की तरफ से इस पहले ही प्राइमरी रिपोर्ट बनाकर तैयार कर ली है।

## शिक्षाविद् रहीश खान को डॉक्टरेट की उपाधि



**फरीदाबाद।** एसएसए यूनिवर्सिटी पोर्टलैंड यूएसए ने भारत में 8वीं बार काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के साथ मिलकर हॉनररी पीएचडी अवॉर्ड सेरिमनी का आयोजन किया। शिक्षाविद् एवं केएम कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर रहीश खान को डॉक्टरेट से नवाजा गया। यह अवार्ड काउंसिल ऑफ भारतीय स्कूल एजुकेशन के चेयरमैन और समाजसेवी डॉ. तरुण अरोड़ा एडवोकेट ने आयोजित कार्यक्रम में दिया।

## फ्लैट दिलाने का झांसा देकर 2.86 लाख ठगे




**गुरुग्राम।** मैनेजमेंट कोटा से सस्ता फ्लैट दिलाने का झांसा देकर युवक से 2.86 लाख रुपए की ठगी कर ली है। रुपए ट्रांसफर होने के बाद आरोपी ने फ्लैट नहीं दिलाया और रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज कर लिया।

# मोदी सरकार ने धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलि

**भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है। इस भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फरीदाबाद महापौर प्रवीण जोशी, जिला कार्यक्रम सह संयोजक विक्रम अरुआ, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, निगरानी कमेटी लोकसभा संयोजक ओमप्रकाश रक्षवाल, पूर्व महामंत्री मूलचन्द मित्तल, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, मनोज वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, लक्ष्मण तंवर, जिला सचिव पंकज सिवाल, पार्षद मुकेश अग्रवाल, लाल मिश्रा, राजबाला सरधाना, गौरव चौहान, शोभित अरोड़ा, नरेन्द्र जैन, अश्वनी गुलाटी, विमल खंडेलवाल, संदीप बंसल, सीमा भारद्वाज, अरुणिमा सिंह, नीरज मित्तल, सरदार रेशम सिंह, राजेन्द्र तालान, हाकिम चन्द, राजकुमार तंवर एडवोकेट एवं अन्य कार्यकत्र्ता उपस्थित रहे। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंकज पूजन रामपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अगस्त 2019 में धारा 370 को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय सुनिश्चित करना, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करना है।


### डॉ. मुखर्जी ने देश और समाज के लिए त्याग किया

उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर बलिदान दिवस मनाया गया, जहां सभी वरिष्ठ नेताओं मंत्री विधायकों, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ.मुखर्जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। रामपाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने देश और समाज के लिए जो त्याग किया, हमें उनसे सीख लेकर राष्ट्र हित में सदैव कार्यरत रहना चाहिए।

### 82 लाख की लागत से कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किया सड़क का उद्घाटन

# एक साल में ओल्ड फरीदाबाद में होंगे 100 करोड़ रुपए के कार्य

**कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि ओल्ड फरीदाबाद में एक साल में 100 करोड़ के विकास कार्य किए जाएंगे। इसी कड़ी में उन्होंने आज वार्ड 31 के ओल्ड फरीदाबाद में सड़क के उद्घाटन समारोह के दौरान व्यक्त किए।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि ओल्ड फरीदाबाद में एक साल में 100 करोड़ के विकास कार्य किए जाएंगे। इसी कड़ी में उन्होंने वार्ड 31 के ओल्ड फरीदाबाद में सड़क के उद्घाटन समारोह के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा पंकज सिंगला मौजूद रहे। पंकज सिंगला ने वार्ड के लोगों के साथ कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का जोरदार स्वागत किया और नारियल फोड़कर सड़क का विधिवित उद्घाटन किया गया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में अभूतपूर्व विकास कार्य देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने चुनावों में झोली भरकर वोट दिए जिसका ऋण वे विकास से चुकाएंगे। उन्होंने पंकज सिंगला की भी पीठ थपथपाते हुए कहा कि वे भाजपा के एक जनसेवक के रूप में लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाते हैं।

### लगभग 65 % फरीदाबाद से प्राप्त हुआ

उन्होंने कहा कि जब विधानसभा चुनाव हुए थे, तब फरीदाबाद की जनता ने उन्हें सर्वाधिक मतों से विजय दिलाई थी। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पूरे हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को सबसे अधिक वोट प्रतिशत, लगभग 65 प्रतिशत फरीदाबाद से प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि जब जनता ने फरीदाबाद को जीत के मामले में नंबर-1 बनाया है, तो हमारा भी कर्तव्य है कि हम फरीदाबाद को विकास के पथ पर नंबर-1 पर रखें और इसे उत्कृष्ट फरीदाबाद के रूप में स्थापित करें। विपुल गोयल ने स्पष्ट किया कि यह कार्य किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सामूहिक जन सहभागिता का परिणाम है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर पदम सैनी, ललित सेठी, कपिल पाराशर, प्रवीण चौधरी, अनिल चांदी वाले, नीरज मिगलानी, बबलू गोयल, रॉबिन गोयल, बलदेव वर्मा, प्रेम सैनी, पिंटू सैनी, मान सिंह, प्रभु दयाल, भाजपा नेता नरेन्द्र जैन, प्रवीण भगवाना, मुकेश शास्त्री, पप्पू वर्मा, नीरज मिगलानी, राजकुमार गर्ग, राजपाल, हीरा पाराशर, बोधराज मक्कड़, राजू पंसारी, बोनी झांब, नवीन टुटेजा, कालू ढींगरा, गौरव गांधी, दिशा पाराशर, बाबा पाराशर, कलेक्टर पाराशर, सुरेन्द्र बबली सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

### टैक्स जमा न करने पर होगी प्रॉपर्टी सील

# पिछले दो दिन में 14 लाख 44 हजार से ज्यादा की निगम ने की रिकवरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के सभी जोन में अभी तक कई दर्जन संपत्तियों को सील किया जा चुका है। इसी कड़ी में ओल्ड और एनआईटी क्षेत्र से पिछले दो दिन में लगभग 14 लाख 44 हजार से ज्यादा की रिकवरी बकाया धारकों से की गई है। इसके अलावा सेल्फ सर्टिफिकेशन के कार्य के लिए भी निगम द्वारा सभी जॉन के अंदर कैंप लगाए गए।

निगम द्वारा एक तरफ सीलिंग की कार्यवाही और टैक्स रिकवरी का कार्य तेज गति से चल रहा है। वहीं सेल्फ सर्टिफिकेशन कार्य भी तेज गति से किया जा रहा है, स्वयं क्षेत्रीय कर अधिकारी सेल्फ सर्टिफिकेशन के कार्य में मौके पर पहुंचकर लोगों की समस्या का हल कर रहे।

निगम आयुक्त ने धीरेंद्र खडग़टा के दिशा-निर्देशों पर क्षेत्रीय कर अधिकारी मुख्यालय विकास कन्हैया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपना टैक्स समय पर नगर निगम में जमा कराए ओर शहर के विकास में भागीदार बनें।

# अग्रसेन समिति का सर्वजातीय परिचय सम्मेलन 4-5 अक्टूबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन विवाह समिति फरीदाबाद (रजि.) 25 वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से करेगी। वहीं डॉ. ब्रह्मप्रकाश गोयल को एक बार महाराजा अग्रसेन विवाह समिति का प्रधान नियुक्त किया गया है।

अनिल गुप्ता संरक्षक की अध्यक्षता में समिति की एक मीटिंग हुई। गुप्ता ने बताया कि समिति के द्वारा पहले भी लगातार 24 वर्षों से सर्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह के सफल आयोजन सभी दानदाताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों के सहयोग द्वारा किए गए हैं। इस वर्ष भी 25वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन आगामी 4 व 5 अक्टूबर को तथा सर्वजातीय सामूहिक विवाह 9 नवम्बर 2025 को दशहरा मैदान सेक्टर-16 ए फरीदाबाद में कराया जाएगा। परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन, सेक्टर-19, ओल्ड फरीदाबाद में किया जाएगा। यह वर्ष 25वां साल है इसलिए संस्था के द्वारा इस वर्ष कुछ विशेष आकर्षण और भव्य डेकोरेशन का भी किया जाएगा। डॉक्टर, सीए, टीचर, इंजीनियर प्रोफेशनल एवं युवतियां, व्यापारी, अपाहिज, विधवा, तलाकशुदा, नौकरी करने वाले किसी भी उम्र के विवाह योग्य युवक-युवतियों के माता-पिता पंजीकरण करा सकते हैं।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला-सारण), बिहार-८४१२२१

**खुली ई-निविदा सूचना सं. आर.डब्ल्यू.पी./भंडार/वर्क्स/एडीमीटी/2025-26/03, दिनांक : 20.06.2025**
**निविदा खुलने की तिथि : 21.07.2025**
**Tender No. S_RWP_TPT_CASNUB_2025-26_01**
**Due on 21.07.2025**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से स्क्रैप की ढुलाई हेतु ऑनलाइन "ई-खुली निविदा" भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट, पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस.) **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैः- **1. कार्य का नाम, स्थान एवं मात्रा एवं समापन की अवधि :** Collection, Cutting, Loading & Transportation of Cond. CASNUB Bogies, Qty. 2500 Nos. (5000MTs) from various Depots/ Workshops/etc locations of IR to Rail Wheel Plant Bela, Saran, Bihar-841221 under distance slab 0-500KM taking average lead distance 250KM. **Note:** Cutting of Cond. CASNUB Bogies will be done by separation of side frames and bolster by two cuts of before transportation of Bogies. समापन अवधिः एल.ओ.ए. के निर्गत तिथि से 12 माह। **2. अनुमानित लागत :** रू. 87,37,500.00 3. **बयाना (ई एम डी) की राशि :** रू. 1,74,800.00 4. **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 21.07.2025 up to 14.15 hrs. **5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है :** निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आई.आर.ई.पी.एस. के अधिकारिक वेबसाईट अर्थात **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। बोली प्रस्तुत करने वाली भावी कंपनियों को ऊपर की निविदाओं के सम्बन्ध में शुद्धिपत्र सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल **(www.ireps.gov.in)** के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जातीहै, क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेपका/बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर. ओ./ए.डी.मी.टी./2025-26/31

## किसानों के लिए एचडीएफसी एर्गो ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करने के लिए एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया है। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों जैसे बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रदीप चौधरी** पुत्र रामरतन चौधरी, निवासी-ग्राम रक्सी, पीए आमस, जिला गया, बिहार और 805/2, गली दाइवरा, कुंडीवान अजमेरी गेट, दिल्ली 110006 ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 214/2012 धारा 279/337/304ए भा.द.स और 3/181 एम.वी. अधिनियम, थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप चौधरी** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप चौधरी** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप चौधरी, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 214/2012 धारा 279/337/304ए भा.द.स और 3/181 एम.वी. अधिनियम, थाना आई.पी. एस्टेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री प्रीति**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03 (केंद्रीय)
केंद्रीय जिला, कमरा नं.150
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/8077/CD/2025

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | एचटीईटी-2024 और अन्य परीक्षाओं के लिए मेटल डिटेक्टर सहित तलाशी लेने के लिए। | 23.06.2025 01.07.2025 | 41.30 लाख | http://www.bseh.org.in | 9991415007 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35889/I/88/7 दि. 23.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत पुरखास मोई रोड से चटिया देवा वाया माहरा सितावली रहमाना रोड आरडी 0 से 10150 मी. तक रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, रोड आईडी 6084 (क्र. सं. 08 पर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 19.06.2025 30.06.2025 | 445.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत में बाल कल्याण हेतु जिला परिषद में मरम्मत ओर पेंट कार्य के लिए विशेष मरम्मत। | 19.06.2025 26.06.2025 | 3.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एससीएसपी स्कीम के तहत सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत खरखौदा रोड से भोआनापुर वाया हरसाना खुर्द / कलां रोड तक विभिन्न स्ट्रेच में सीसीबी पुनः बिछाना (आईडी 6007)। | 19.06.2025 26.06.2025 | 30.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | ज्यूडिशियल कोर्ट्स कॉम्पलैक्स, भिवानी में स्थापित एयर कंडीशनर्स (97 अदद) को बदलना। | 20.06.2025 26.06.2025 | 68.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में एचएसएएमबी से लोनिवि भ व प को हस्तांतरित किए गए आरडी 0.00 से 2.017 मिमी (आईडी 12117) तक मिस्सा से चांधूट बारोली रोड पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (सी.एम. घोषणा कोड से 27428 दि. 12.04.2023 के तहत और कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत) (जीएसटी के बिना) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 3540.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्पलैक्स (टावर ऑफ जस्टिस) में मुख्य भवन के फायर डोर्स की स्थापना और मल्टी लेवल बेसमेंट पार्किंग में अग्निशमन प्रणाली। | बंद होने की तिथि 04.07.2025 | 608.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गांव चकरपुर में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 33.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में नये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन का निर्माण (एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 20.06.2025 27.06.2025 | 3.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में एसडीसीएच, डबवाली के पुराने भवन में ई.आई. की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 20.06.2025 04.07.2025 | 66.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (हैड-5054-ग्रुप-1 के तहत) (जीएसटी के बिना) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 5 अदद रोड को चौड़ा करना / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, रसुलपुर जटोली से कानपुर (आईडी 3492) आरडी 0 से 0.41 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना, रसुलपुर जटोली रोड से नौरंगाबाद (आईडी 3496) आरडी 0 से 0.50 कि.मी. पर सीसीबी, घसेरा से नाखारोला (आईडी 10722) आईडी 1.20 से 1.70 किमी. पर 80 मिमी आईपीबी और सीसीपी, रसुलपुर जटोली से मीरपुर कोराली (आईडी 3493) आरडी 0 से 1.42 कि.मी. और कुशाक से जटोली रोड (आईडी 3494) आरडी 0 से 4.30 कि.मी. पर 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी पुनः बिछाना। | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 438.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में (रोड आईडी 5311 और 5312) कि.मी. 0.00 से 8.73 में रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान, डीएचएस रोड से सीसर, खरबला भिवानी जीन्द रोड तक रोड का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (जीएसटी के बिना) + 5 कार्य। | 17.06.2025 26.06.2025 | 2271.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | बनी डिस्टी. ओ/एल आरडी 86505-एल पर सर्विस रोड पर डब्ल्यू/सी के कल्वर्ट की मरम्मत और बनी डिस्टी. के रीच आरडी 86500 से आरडी 90760 के बीच क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 1.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (04 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (07 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (06 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (23 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 1. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता), 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2सीएस क्षमता), 4. 3सीएस ईपी सैट हेतु स्टार्टर (20 एचपी)। | 24.06.2025 09.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | महिला एवं बाल विकास पंचकूला | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पर सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 24.06.2025 14.07.2025 | 13.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 19 | सिविल सर्जन अम्बाला | अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष और जो अगली निविदाओं के अन्तिमकरण तक बढ़ाई जा सकती है, हेतु अम्बाला जिले में स्थित हरियाणा राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों के लिए लैब रीजेंट्स और सामग्री की खरीद के लिए ई-निविदा। | 25.06.2025 15.07.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1712557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 20 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य बाढड़ा ब्लॉक + 2 अन्य कार्य। | 20.06.2025 27.06.2025 | 11.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 21 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बुस्थाला 55.48 - ईस्माईलाबाद, कुरूक्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) का निर्माण + 3 कार्य। | 21.06.2025 08.07.2025 | 142.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनोली ब्लॉक बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण। | 19.06.2025 26.06.2025 | 7.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज सोनीपत | बरोदा मोर गांव ब्लॉक मुंडलाना में कुश्ती हॉल 60×40 का निर्माण + 1 कार्य। | 20.06.2025 26.06.2025 | 68.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सिलाना में हरि के मकान से दादा समध तक फिरनी से आईपीबी गली का निर्माण। | 20.06.2025 26.06.2025 | 24.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज रोहतक | विभिन्न चौपालों में आरओ सहित 6 वाटर कूलर का प्रावधान व फिक्सिंग + 2 कार्य। | 18.06.2025 26.06.2025 | 10.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 921555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज झज्जर | गांव टांडाहेड़ी, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में एसएचसी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.06.2025 26.06.2025 | 134.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 27 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनोली ब्लॉक बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण। | 19.06.2025 25.06.2025 | 7.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/540/35895/I/88/7 दि. 23.06.25

### पुलिस ने तीन अतिरिक्त मैग्जीन के साथ चार सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल की बरामद

# खालिस्तान समर्थक अर्श डल्ला गिरोह का हथियार सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी पूर्वी जिले की एसटीएफ ने खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप उर्फ अर्श डल्ला गिरोह के हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से तीन अतिरिक्त मैग्जीन के साथ चार सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की है। आरोपी एकमजोत सिंह संधू पंजाब के मानसा स्थित सरदूलगढ़ का निवासी है। वह मध्य प्रदेश से अवैध हथियार लेकर आया था। एडिशनल डीसीपी एश्वर्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली में हथियार तस्कर गिरोह के अन्य बदमाशों को हथियार देने के लिए ओखला आया था। तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी ने बताया कि एकमजोत सिंह पिछले काफी समय से गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के प्रतिद्वंद्वी डल्ला गिरोह के साथ काम कर रहा है। वह गिरोह के लिए देश में अलग अलग जगहों से हथियारों की तस्करी करता है। जिले की एसटीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार के नेतृत्व वाली टीम को इसके बारे सूचना मिली थी कि दिल्ली और पंजाब के गैंगस्टर मध्य प्रदेश से अवैध हथियारों की सप्लाई ले रहे हैं। पुलिस ने हथियारों की तस्करी करने वाले बदमाश के बारे में जानकारी जुटाई। जांच के दौरान अर्शदीप उर्फ डल्ला गिरोह के द्वारा चलाए जा रहे अंतरराज्यीय अवैध हथियार सिंडिकेट का पता चला। इसे कुख्यात बब्बू डालेमा और परमजीत सिंह उर्फ पम्मा भीखी चला रहे थे। इसके तहत पुलिस ने 18 जून को एकमजोत को गिरफ्तार कर लिया।

वह मध्यप्रदेश के बुरहानपुर से अवैध हथियार लेकर दिल्ली आया था। वह दिल्ली से होते हुए पंजाब जाने की फिराक में था। लेकिन इससे पहले ही ओखला में किसी साथी को हथियार देने वाला था। एकमजोत ने बताया कि उसे बब्बू डालेमा ने वाट्सएप पर मध्यप्रदेश से हथियार लाने के लिए कहा था। ये हथियार उसे परमजीत सिंह व उसके साथियों तक पहुंचाने थे।

पुलिस पूछताछ में एकमजोत ने बताया कि उसने अर्श डल्ला गिरोह में शामिल होने के लिए यूएई में बब्बू डालेमा से संपर्क किया था। फिर बब्बू ने एकमजोत का परिचय पंजाब में रहने वाले बदमाश परमजीत सिंह उर्फ पम्मा भीखी से कराया। परमजीत सिंह गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दूनेके का साथी है। 2023 में सुक्खा दूनेके को कनाडा में लारेंस बिश्नोई गिरोह ने मार दिया था। बता दें कि डल्ला और बिश्नोई गिरोह के बीच काफी समय से दुश्मनी चलती आ रही है। इनकी गैंगवार में कई हत्याएं हो चुकी हैं। डल्ला खालिस्तान टाइगर फोर्स का सक्रिय सदस्य है। उसे भारत सरकार ने आतंकी घोषित करार दिया हुआ है। पुलिस गिरोह से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश में है। आरोपी से स्पेशल सेल भी पूछताछ कर सकती है।

# पटपड़गंज में लूट के मामले में चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इलाके में चाकू की नोंक पर पेस्ट्री की दुकान के 53 वर्षीय मालिक को लूटने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम शाने आलम उर्फ माजिद (25), प्रिंस उर्फ सनी (18), हिमांशु (18) और तनुज (20) हैं। सभी आरोपी पूर्वी दिल्ली के रहने वाले हैं। वारदात के समय लूटी गई कार हरिद्वार से बरामद हुई है।

डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार यह घटना 20 जून को तब हुई जब नोएडा निवासी और पटपड़गंज में पेस्ट्री की दुकान के मालिक शिकायतकर्ता विनोद कुमार शर्मा को बंसल स्वीट्स के पास मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने रोक लिया। उन्होंने बताया कि लुटेरों ने चाकू की नोंक पर उन्हें धमकाया, उनके साथ मारपीट की और जबरन उनकी कार छीनकर मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई थी। व्यापक सीसीटीवी फुटेज और कॉल डेटा से आरोपियों की गतिविधि संजय लेक मेट्रो स्टेशन के आसपास होने का पता चला। सुराग के आधार पर पुलिस टीम ने मेट्रो परिसर के पास तलाशी ली और इस दौरान चारों संदिग्धों ने भागने की कोशिश की, लेकिन कुछ देर पीछा करने के बाद उन्हें पकड़ लिया गया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान संदिग्धों ने शुरू में पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उन्होंने लूट की बात कबूल कर ली। उन्होंने बताया कि लूटी गई कार को हरिद्वार में छिपाया है। पुलिस ने कार रिकवर कर ली है।

# एविएशन टर्बाइन ईंधन चोरी के बड़े रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आधा दर्जन लोगों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार
- राष्ट्रीय खजाने को हर महीने पहुंचा रहे थे 1.62 करोड़ का नुकसान

अपराध शाखा की इंटर स्टेट सेल ने एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) चोरी करने वाले बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मुंडका क्षेत्र से एक गोदाम में रखा 72,000 लीटर एटीएफ बरामद किया गया है। पुलिस का दावा है कि इससे राष्ट्रीय खजाने को हर महीने 1.62 करोड़ का नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इस सिलसिले में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की रही है। इनमें गोदाम मालिक, ड्राइवर, सहायक, एक ट्रांसपोर्टर और अवैध ईंधन खरीदार शामिल हैं।डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि निरंतर निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद आईएससी एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने 22 जून को हेड कांस्टेबल सुनील द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना पर कार्रवाई की। मुंडका गांव में स्थित एक गुप्त गोदाम पर छापा मारा गया। छापे के दौरान तीन तेल टैंकर, जिनमें से प्रत्येक में 24,000 लीटर एटीएफ भरा हुआ था को पाइप के माध्यम से बैरल में डाला जा रहा था। चोरी के ईंधन को आगे ले जाने के लिए दो पिकअप ट्रक भी जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त छह जाली डिप रॉड, डुप्लीकेट मास्टर चाबियां, चोरी के एटीएफ से भरे बैरल और 1.05 लाख नकद साइट से बरामद किए गए। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में पता चला कि एटीएफ को मूलरूप से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर डिलीवरी के लिए बहादुरगढ़ के एचपीसीएल असौदा डिपो में लोड किया गया था। आरोपी ड्राइवरों ने ट्रांसपोर्टर और गोदाम संचालक के साथ मिलीभगत करके जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम में हेराफेरी की और टैंकरों को मुंडका गोदाम की ओर मोड़ दिया। टैंकर के ताले जो गंतव्य डिपो के लिए विशेष चाबियों से सुरक्षित थे डुप्लिकेट चाबियों का उपयोग करके बायपास किए गए थे। वैध डिलीवरी मापों का अनुकरण करने के लिए जाली डिप रॉड का उपयोग किया गया था। फिर चुराए गए एटीएफ को मिनरल टर्पेन्टाइन ऑयल (एमटीओ) की आड़ में खुले बाजार में बेचा जाता था। इसका आमतौर पर स्याही और पेंट उद्योग में उपयोग किया जाता है। यह अवैध कारोबार पिछले तीन वर्षों से प्रतिदिन चल रहा था, जिसमें हर दिन लगभग 5,000 लीटर एटीएफ चोरी हो रहा था, जिसके परिणामस्वरूप हर महीने लगभग 1.5 लाख लीटर की चोरी हो रहा था। पकड़े गये लोगों के नाम गया प्रसाद यादव, राजकुमार चौधरी, अशपाल सिंह भुल्लर, राम भरोसे यादव, अंजय रॉय, सुबोध कुमार यादव, परवीन कुमार यादव और परवीन कुमार यादव हैं।

## कार ने मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन लोग घायल

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले के नरेला इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद मोटरसाइकिल की एक ई-रिक्शा से टकरा गई। इस हादसे में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना रविवार रात करीब 8:30 से 8:45 बजे के बीच हुई। कार ने पहले मोटरसाइकिल को टक्कर मारी जिसके कारण मोटरसाइकिल पलट गई और आगे जा रहे ई-रिक्शा से जा टकराई। मोटरसाइकिल सवार जगदम्बा प्रसाद सिंह (60) और ई-रिक्शा में सवार शोएब (21) और आमिर (19) घायल हो गए। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीसीआर कॉल के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। आमिर और शोएब को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि जगदम्बा प्रसाद सिंह अभी भी चिकित्सा देखभाल में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। फरार चालक की पहचान के लिए कई टीमें गठित किये जाने की बात पुलिस कह रही हैं। इसके साथ ही कार को जब्त कर लिया गया है और आरोपी का पता लगाने के लिए आसपास के इलाके से सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति व प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

नई दिल्ली। 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को धानक समाज ने छात्रवृत्ति व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा को जीवन का आधार बताया। उन्होंने समाज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समारोह में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमामयी ढंग से किया गया। समाज के पदाधिकारियों आनंद पसेरवाल, रितेश खर्रा, विजेंद्र धानक, दीपक आदि ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई।

## उमस से परेशान दिल्ली को हल्की बारिश ने दी राहत

नई दिल्ली। गर्मी और भारी उमस से परेशान दिल्ली वालों को सोमवार सुबह के समय आई हल्की बारिश ने कुछ हद तक राहत प्रदान की। वहीं दूसरी तरफ प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने ताजा भविष्यवाणी में कहा है कि आज मंगलवार को दिल्ली में समयपूर्व मानसून दस्तक दे सकता है। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से लेकर शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में सबसे अधिक बारिश लोधी रोड में 4.3 मिमी दर्ज की है। जबकि अधिकृत वेधशाला सफदरजंग ने राजधानी में 4.1 4.3 मिमी बारिश होना दर्ज की है। जबकि अन्य जगह हुई बारिश आंकड़े लायक नहीं रही। ताजा अनुमान में आईएमडी ने मंगलवार को पूरे दिन के लिए वर्षा और गरज के साथ बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 03.07.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

हरिभूमि

# सहेली



# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

## हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

हर काम का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।





## एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

## रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

## मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए।

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन

मोनिका शर्मा



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है।



अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

रिश्ते

यशोधरा भटनागर

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है। बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

केवल सास ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।



**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।

**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए।

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

फैशन ट्रेंड

ललिता गोयल

जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।



**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।

**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।



**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट, फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें।

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

मेडिकल सजेशन

डॉ. नीता सिंह

सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी

एम्स, नई दिल्ली

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।



**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है।

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### घर गिरने से पति-पत्नी की मौत, बच्चे अनाथ



**रांची।** झारखंड में बारिश ने हाल-बेहाल कर रखा है। मॉनसून ने हर इलाके को जलमग्न कर दिया है। बरही के रसोईया धमना में देर रात एक घर गिरने से पति-पत्नी की मौत हो गई। दोनों रात में सो रहे थे। मलबा हटाने के बाद दोनों की बॉडी रिकवरकर ली गई है। दोनों की चार बेटियां और एक बेटा भी है। एक की शादी हो चुकी है। इससे पहले कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड में चाल धंसने से दो लोगों की मौत हो गई।

### भागलपुर में चार बच्चों के डूबने से हड़कंप



**भागलपुर।** जिले में नारायणपुर और नाथनगर प्रखंड में चार बच्चे डूब गए। जिसमें दो बच्चियों की मौत हो गई है। जबकि दो लड़कों की तलाश जारी है। दोनों रविवार की शाम से लापता थे। नारायणपुर से लापता दो बच्चों के जयरामपुर दियारा के भंवरा के पास कोसी नदी में डूबने की बात बताई गई है। जबकि नाथनगर के किशनपुर बायपास के पास एक तालाब में दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई।

### मुस्लिम युवक का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर



**बरेली।** यहां कोचिंग जा रही छात्रा से एक मुस्लिम युवक को छेड़खानी करना भारी पड़ गया। घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद छात्रा के पिता ने आरोपी के खिलाफ इजतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ऐक्शन में आई और आरोपी का हाफ एनकाउंटर करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के एक पैर में गोली लगी है।

# आप मेरा एडमिशन करवा दो, बच्ची ने जनता दरबार में की मांग

गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में संत की भूमिका हो या फिर मुख्यमंत्री के रूप में सख्त प्रशासक का दायित्व दोनों ही रूप में योगी आदित्यनाथ का रूप जुदा है। प्रकृति से लगाव और बच्चों से घुलने-मिलने की प्रवृत्ति के कारण योगी आदित्यनाथ की छवि हर दिल में बसी है

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे गोरखपुर में हों या फिर लखनऊ में जनता दरबार में लोगों की फरियाद अवश्य सुनते हैं। उनके पास लोग अपना समस्या लेकर आते हैं, लेकिन लखनऊ में सोमवार को पहुंची एक बच्ची ने अपने हक की मांग रखी तो मुख्यमंत्री मुस्कुरा उठे और तत्काल ही उसकी मांग को पूरा करने का निर्देश दिया। मुरादाबाद से आई नन्हीं बच्ची वाची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि प्लीज, मेरा स्कूल में एडमिशन करा दीजिए। मुख्यमंत्री मुस्कुराकर बोले कि किस क्लास में कराना है। 10वीं में या 11वीं में। फिर बच्ची की एप्लीकेशन प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को थमाते हुए बोले, तुरंत हो एडमिशन। सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्ची से दुलार भरी बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में आया अनोखा मामला
- सीएम योगी का रिएक्शन वायरल



### बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे योगी

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान मुरादाबाद से वाची नाम की नन्ही बच्ची अपनी बात लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास पहुंची। हर एक फरियादी के पास पहुंच रहे मुख्यमंत्री जब इस बच्ची के पास पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाची से पूछा कि तू, स्कूल नहीं जाना चाहती है। इस पर बच्ची बोली-नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा एडमिशन करा दो। मुख्यमंत्री ने पूछा, किस क्लास में। 10वीं या 11वीं में, बच्ची ने तपाक से उत्तर दिया-अरे, मुझे नाम नहीं पता। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद को प्रार्थना पत्र सौंपा और कहा कि इस बच्ची का एडमिशन हर हाल में कराओ। मुख्यमंत्री का यह रूप देख 'जनता दर्शन' में आए फरियादी भी एक मिनट के लिए अपनी पीड़ा भूल मुस्कुरा उठे। सोमवार को एक अलग ही वाकया हुआ। बच्ची से मुख्यमंत्री के संवाद को देख सभी ने योगी के बालमन की तारीफ की तो बच्ची की हाजिर जवाबी पर मुस्कुरा उठे।

### योगी ने मुझे बिस्किट और चॉकलेट भी दी

मुरादाबाद से आई वाची से पूछा गया कि किससे मिलकर आई हैं, उन्होंने कहा कि मैं योगी जी से मिलकर आई। मैंने उनसे कहा कि मेरा स्कूल में एडमिशन करवा दें। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं करवा दूंगा। मुख्यमंत्री से मिलकर प्रफुल्लित वाची ने बताया कि योगी जी ने मुझे बिस्किट और चॉकलेट भी दी।

## एयरपोर्ट पर 4 राज्यों के सीएम ने गृहमंत्री शाह को दिए पुष्प, सुरक्षा दुरुस्त

# गृह मंत्री शाह व सीएम योगी ने बाबा काल भैरव का किया दर्शन, गूंजा हर-हर महादेव

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी में गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी का दौरा है। शाह के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट परिसर में उनका स्वागत किया। काशी में मुख्यमंत्री योगी समेत चार प्रदेशों के सीएम भी रहे। भाजपा नेताओं ने बाबा काल भैरव की आरती उतारी।

भारत सरकार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर सोमवार की शाम को पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री का स्वागत किया। गृह मंत्री मंगलवार को आयोजित आयोजित हो रहे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रतिभाग किया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इसके बाद सभी नेतागण बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे। यहां बाबा की आरती उतारी।

### 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में होगी

मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे।एयरपोर्ट पहुंचन पर मुख्यमंत्री का स्वागत श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, नगर विकास एवं विद्युत मंत्री एके शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्य, विधायक डॉ अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी काशी के कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अतिथियों के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की है। दरअसल, 25वीं



मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में होगी। यह बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इसमें चार राज्यों सहित देश की सुरक्षा और विकास समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव, गृह मंत्रालय के साथ ही नीति आयोग और अंतर राज्य परिषद के अधिकारी भी हिस्सा लेंगे। इससे पहले मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक उत्तराखंड में हुई थी।

## निर्विरोध राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय

# लालू प्रसाद यादव ने 4 सेटों में भरा नामांकन राबड़ी -तेजस्वी प्रस्तावक



एजेंसी ▶▶ पटना

चुनाव आयोग की बाध्यता एवं पार्टी संविधान के मद्देनजर सोमवार को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू यादव ने पर्चा भरने की औपचारिकता पूर्ण की। इसके साथ ही निर्वरोध निर्वाचन भी तय हो गया है। लालू 13वीं बार पार्टी की कमान संभालेंगे। राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे एवं राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन के समक्ष चार सेटों में लालू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

### मंगलवार को दो बजे होगी नामांकन पत्र की जांच

प्रत्येक नामांकन पत्र पर राष्ट्रीय परिषद के दस-दस सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। पार्टी के राष्ट्रीय सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि मंगलवार को दो बजे नामांकन पत्र की जांच की जाएगी। इस बीच 1 बजे से 3 बजे के बीच नाम वापस लेने के लिए की समय सीमा निर्धारित है। यदि नामांकन सही पाया गया और नाम वापस नहीं लिया जाता है तो तीन बजे लालू को राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

### 5 जुलाई को औपचारिक घोषणा

पांच जुलाई 2025 को पटना के बापू सभागार में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में लालू के निर्विरोध निर्वाचन की औपचारिक घोषणा के साथ ही प्रमाणपत्र सौंपा जाएगा। इसके उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अध्यक्षता में खुला अधिवेशन होगा जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा पेश प्रस्तावों पर चर्चा होगी। गगन से बताया कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कौन व्यक्ति कितने कार्यकाल तक रह सकता है, इसे दल के संविधान में परिभाषित नहीं किया गया है।

## पेज एक का शेष

### पूरी दुनिया को आतंकवाद...

भारत के प्रतिबंधित बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन का नाम सामने आया था। जिसने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए एयर इंडिया के इस विमान पर यह हमला करवाया था। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने सोमवार को अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए इस आतंकी हमले से जुड़ी अत्यंत दुखद स्मृति को साझा करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि आज एयर इंडिया 182 कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी है। ऐसे में हम आतंकवाद के सबसे बुरे कृत्यों में से एक में खोए 329 लोगों की स्मृति का सम्मान करते हैं। जो कि स्पष्ट रूप से इस बात की भी याद दिलाता है कि क्यों पूरी दुनिया को आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता यानी जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए।

### आतंकवाद के खिलाफ...

जानबूझकर किया गया जघन्य कृत्य था। आतंकवाद और उग्रवाद अतीत की समस्या नहीं है। बल्कि वर्तमान की समस्या है। जो दुनियाभर में निर्दोष लोगों की जान को खतरे में डाल रही है। पुरी के साथ एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में शामिल हुआ। इस अवसर पर आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन, कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री गैरी आनंद सांगरी और आयरलैंड के स्थानीय अधिकारी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव...

को आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी प्रधानमंत्री से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है। सीहोर में होने वाले कार्यक्रम के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। इसके अलावा महाकाल की नगरी उज्जैन के समीप डोंगला में ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की गई है, जो भविष्य में समय गणना के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। जनवरी 2026 में यहां एक वैश्विक स्तर का सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने 9 वर्ष से लंबित कर्मचारियों-अधिकारियों के पदोन्नति के मामले का निराकरण किया है। इससे लगभग 2 लाख नवीन पदों पर भर्ती होगी। भविष्य में सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलंकरण हो, इस दिशा में भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। आगामी समय में लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्यों के साथ प्रदेश के विकास को और अधिक गति और नई दिशा मिलेगी। उक्त सभी के संबंध में भी प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नक्सली गतिविधियों के खिलाफ मप्र सरकार सख्त है। प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हम मार्च 2026 तक मप्र की धरती पर नक्सलवादी गतिविधियों पर हम काबू पाएंगे। पिछले डेढ़ साल में 10 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। इन पर 1 करोड़ 62 लाख रुपए के इनाम थे।

### आज सीएम यादव ...

के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वाराणसी के होटल ताज में मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक होगी। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, प्रशासनिक समन्वय और राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव, नीति आयोग के प्रतिनिधि, अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्यगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद् का मुख्य लक्ष्य राज्यों के बीच सहयोग बढ़ाना, अंतर्राज्यीय विवादों का बातचीत के जरिए समाधान करना, सामान्य हितों के मामलों पर विचार करना, प्राकृतिक संसाधनों का समान उपयोग सुनिश्चित करना और संवेदनशील क्षेत्रों में विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बैठक में गृहमंत्री समेत 4 राज्यों के मुख्यमंत्री और 120 अधिकारी इस बैठक में शामिल होंगे।

### इजरायल-ईरान युद्ध...

क्या होर्मुज के रास्ते होने वाला भारत का बाकी चीजों का व्यापार भी प्रभावित होगा? तनाव बढ़ने पर मध्य-पूर्व में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा कैसे होगी?, क्या तनाव के बीच अपनाई जा रही भारत की संतुलित विदेश नीति उचित है? क्या युद्ध से भारत की सैन्य-सामरिक क्षमता प्रभावित होगी? जैसे तमाम सवाल किए। पेश हैं इनके जवाब।

**तेल आयात प्रभावित होगा :** आर्थिक विशेषज्ञ सारथी आचार्य ने कहा कि वर्तमान में भारत में एक बेहद अनिश्चितता वाला माहौल है। इसलिए हमें काफी सतर्क रहना चाहिए। अभी हम करीब 77 फीसदी कच्चा तेल विदेशों से आयात करते हैं। जिसका लगभग 40 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते देश तक पहुंचता है। ये मार्ग ईरान से होकर गुजरता है। ऐसे में अगर वो इसे बंद करता है तो हम आर्थिक प्रभाव पड़ना तय है। तेल-गैस की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ेगी। दुनिया में अलग-अलग समय पर समस्याएं तो रहेंगी ही। लेकिन एक बड़ा देश होने के नाते हमारे पास उनका समाधान भी मौजूद है, असल मसला केवल क्रियान्वयन का है। जैसे तेल पर निर्भरता घटाने के लिए इलेक्ट्रिक माध्यम पर जाने के साथ ही चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ानी पड़ेगी। अंडमान-निकोबार में मौजूद तेल भंडारों से तेल निकालना चाहिए, जम्मू में लिथियम का काफी बड़ा स्रोत है। जिसका खनन और इस्तेमाल की कवायद को सही समय की दरकार है।

### पंचायतों को स्वयं के...

मॉड्यूल तैयार करने में आईआईएम अहमदाबाद के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया और इस एजेंडे को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के लिए राज्यों और क्षेत्र-स्तरीय पदाधिकारियों की मजबूत भागीदारी का आह्वान किया। इस पहल का उद्देश्य देश भर में अच्छी तरह से प्रशिक्षित संसाधन व्यक्तियों और वित्तीय रूप से जागरूक पंचायत पदाधिकारियों का एक मजबूत नेटवर्क बनाना है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसी पंचायतों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा जो आर्थिक रूप से लचीली, प्रशासनिक रूप से जवाबदेह और विकास के लिए तैयार होंगी। अतिरिक्त सचिव, एमओपीआर श्री सुशील कुमार लोहानी ने वित्तीय सशक्तिकरण के माध्यम से पंचायतों को मजबूत करने के लिए मंत्रालय पहलों के बारे में विस्तार से बताया। आईआईएम अहमदाबाद द्वारा प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए गए हैं और संकाय द्वारा वितरित किए जा रहे हैं। पाठ्यक्रम को व्यावहारिक अनुप्रयोग, व्यवहारिक अंतर्दृष्टि और सहयोगी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण विषयगत क्षेत्र शामिल हैं: (i) फाउंडेशन ऑफ ओन सोर्स रेवेन्यू यानि अपने स्रोत से राजस्व (ओएसआर); (ii) ओएसआर को बढ़ाने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण; (iii) बेहतर कर संग्रह के लिए व्यवहार विज्ञान; (iv) ग्राम विकास के लिए ओएसआर का उपयोग; (v) व्यवहार विज्ञान और अभिनव वित्तपोषण; (vi) अभिनव परियोजना वित्तपोषण विकल्पों की खोज; (vii) राजस्व पूर्वानुमान और स्थिरता के लिए योजना; (viii) राजस्व वृद्धि के लिए एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण; (ix) प्रभावी जीपीडीपी कार्यान्वयन के लिए परियोजना प्रबंधन। वर्तमान प्रशिक्षण में 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 65 मास्टर ट्रेनर शामिल हैं और इसके बाद शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए जुलाई 2025 की शुरुआत में दूसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### हरियाणा में सार्वजनिक...

होगी। बैठक में बताया गया कि वीएलटीडी प्रणाली सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, जो वास्तविक समय, स्थान डेटा और आपातकालीन चेतावनी सुविधाएं प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाए। प्रत्येक दुर्घटना के पीछे सड़क की स्थिति, ओवरस्पीडिंग, आवारा पशु अथवा अन्य संभावित कारणों की गहराई से जांच की जानी चाहिए, ताकि उन खामियों को दूर कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### दिल्ली से जम्मू जा...

तरह साफ था और रनवे भी सामान्य रूप से उपयोग में था, यानी तकनीकी रूप से लैंडिंग के लिए कोई बाधा नहीं थी। इसके बावजूद पायलट ने विमान को नीचे न उतारने का फैसला लिया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, पायलट को सही लैंडिंग पोजिशन (दिशा या दूरी) का आकलन करने में कठिनाई हो सकती है। हालांकि, अब तक एयरलाइन या पायलट की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है कि विमान ने लैंडिंग क्यों नहीं की। जम्मू एयरपोर्ट पर कई यात्रियों के परिजन भी उन्हें लेने पहुंचे थे, जो बाद में निराश लौटे। वहीं विमान में सवार यात्रियों को दिल्ली लौटने के बाद वैकल्पिक फ्लाइट या रूट का इंतजार करना पड़ा।

**दुबई की फ्लाइट में तकनीकी खराबी :** इससे पहले जयपुर से दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक और फ्लाइट आईएक्स-195 को टेक-ऑफ से ठीक पहले आई तकनीकी समस्या के कारण रद्द कर दिया गया था। फ्लाइट को मूल रूप से सुबह 5:30 बजे रवाना होना था, लेकिन जब पायलट ने कॉकपिट में खराबी का पता लगाया तो उसने रनवे की ओर बढ़ना शुरू कर दिया था। पायलट ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विमान को एप्रन पर वापस रख दिया। इंजीनियरों की मदद से करीब चार घंटे तक समस्या को ठीक करने की कोशिश जारी रही, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस दौरान यात्री विमान के अंदर ही बैठे रहे। आखिरकार एयरलाइन ने उड़ान को रद्द करने का फैसला किया।

### 8 हजार करोड़ के फंड...

को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह कदम सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और टिकाऊ शहरीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

**ये कारण रहे योजना पर ग्रहण लगने के :** योजना को लागू करने में राज्यों की सुस्ती, भूमि अधिग्रहण में आ रही समस्याएं और वर्ष 2026 तक बजट का लैप्स हो जाने का खतरा, कुछ ऐसे तथ्य हैं जिनकी वजहों से 15वें वित्त आयोग ने वर्ष 2021 में आठ नए ग्रीनफील्ड, नये शहरों के विकास के लिए 8 हजार करोड़ रुपये के प्रोत्साहन अनुदान की सिफारिश की थी। इन शहरों को 'स्मार्ट सिटी' के सिद्धांतों पर विकसित करने की योजना थी, जो औद्योगिक क्षेत्रों या उपनगरीय कस्बों के रूप में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे सकते थे। प्रत्येक शहर के लिए 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान था, और यह योजना राज्यों के लिए एक 'चुनौती निधि' के रूप में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत 21 राज्यों से 26 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या, असम के जागीरोड, गुजरात में गिफ्ट सिटी का विस्तार, मध्य प्रदेश में जबलपुर एक्सटेंशन, और महाराष्ट्र में विरुल और सावरगांव माल जैसे शहर शामिल थे। हालांकि, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, और अन्य मंजूरियों जैसे मुद्दों ने इस योजना को लागू करने में बाधा डाली।

## संभल में मस्जिद तोड़ने का फरमान

# जल्द हटाएं नहीं तो सरकारी बुलडोजर से करेंगे ध्वस्त

▶ कमेटी को प्रशासन ने लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ संभल



चंदौसी के लक्ष्मणगंज में नगर पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर अवैध रूप से निर्मित रजा-ए-मुस्तफा मस्जिद को स्वयं ध्वस्त करने की जिम्मेदारी लेने के बाद भी मस्जिद कमेटी तय समय पर ढांचे को पूरी तरह गिराने में विफल रही। शनिवार शाम तक मस्जिद पूरी तरह गिरा दी जानी थी लेकिन रविवार तक 60 प्रतिशत ही तोड़ी जा सकी। शेष गुंबद सहित करीब 40 प्रतिशत हिस्से को जस का तस देखकर मौके पर पहुंचे एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने कमेटी को फटकार लगाते हुए शीघ्र ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत एसडीएम विनय मिश्रा, सीओ अनुज चौधरी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे थे। मस्जिद के कुछ हिस्से को तोड़े जाने के बाद मस्जिद कमेटी ने खुद ही शेष हिस्सा गिराने की बात कहते हुए शाम तक का समय मांगा था। बावजूद रविवार तक ढांचा पूरी तरह नहीं गिराया जा सका। एसडीएम ने मौके पर दोबारा निरीक्षण किया तो पाया कि ध्वस्तीकरण का काम भी रोक दिया गया है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए मस्जिद कमेटी को चेतावनी दी गई कि यदि शेष हिस्सा भी तत्काल नहीं गिराया गया तो प्रशासन स्वयं जेसीबी से कार्रवाई करेगा।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 809 – एम.सी. सोनीपत के तहत वार्ड नं. 1 में बाबाधाम के सामने सैनी धर्मशाला में लाइब्रेरी सहित प्रथम तल हॉल का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 1.32 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35887/1/88/7 दि. 23.06.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | 1. तीन माह हेतु एम.सी. झज्जर में प्रत्येक संस्थान से म्यूनिसिपल ठोस कचरे (एमएसडब्ल्यू) का घर-घर से संग्रहण, पृथक्करण और एमआरएफ केन्द्रों हस्तांतरण स्टेशनों प्रसंस्करण स्थल तक परिवहन, 2. दस वर्ष के लिए रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन, 3. गांव उंतलोढा में एम.सी. झज्जर रेवाड़ी रोड में लिगेसी वेस्ट का रिमेडियेशन और भूमि रिक्लेमेशन तथा फ्रैक्शंस के वैज्ञानिक निपटान हेतु एजेंसी का चयन। | 21.06.2025 12.07.2025 | 1040.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/35886/1/88/7 दि. 23.06.25

## चिंतन

# होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने का भारत पर भी असर

इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग को लेकर देश के अंदर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की तटस्थ विदेश नीति आजादी के वक्त से रही है। कांग्रेस को यह पता है। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से अच्छे संबंध हैं, दोनों से ही शांति की अपील की है। इस जंग में अमेरिका की एंट्री से स्थिति पेचीदा हो गई है, अब ईरान ने रूस से खुलकर साथ आने मांग की है। चीन पहले से ही ईरान के साथ है और वह चुपके से हर स्तर पर मदद कर रहा है। इजरायल के साथ अमेरिका के आने व ईरान के साथ रूस व चीन के आने से अब महाशक्तियों के बीच टकराव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अब अमेरिका ने ईरान व इजरायल जंग को रोकने के लिए कूटनीतिक रुख अपनाने की पहल भी शुरू की है, ईरान के लिए अमेरिका को जवाब दिए बिना शांति वार्ता के लिए मानना आसान नहीं होगा। इस सबमें पाकिस्तान खुद को ठगा महसूस कर रहा है, अमेरिका के ईरान पर हमले में पाकिस्तान क्या रुख ले, उसकी समझ से परे है। यह निश्चित है कि अगर ईरान व इजरायल के बीच जारी युद्ध जल्द खत्म नहीं होता है, तो आने वाले समय में वैश्विक आपूर्ति तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसमें विश्व के साथ भारत भी प्रभावित होगा। युद्ध के एक सप्ताह में ही कच्चे तेल के भाव दस से पंद्रह डॉलर प्रति बैरल बढ़ गए हैं। युद्ध लंबा खींचता है तो भाव सौ डॉलर प्रति बैरल पार कर सकते हैं, जिससे भारत जैसे बड़े आयातक पर बोझ बढ़ेगा। अभी भारत बेशक ईरान से कच्चा तेल व गैस नहीं खरीदता है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल समेत अनेक सामानों की आवाजाही होती है। अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में बाधा आएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। भारत इराक, सऊदी अरब, कुवैत व यूएई से कच्चे तेल का आयात करता है। भारत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए आता है। भारत का 54 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भी होर्मुज से ही होकर आता है। इस मार्ग पर कोई भी व्यवधान ऊर्जा की कीमतों को बढ़ा सकता है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने सोमवार को कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष का मांग और लॉजिस्टिक्स पर प्रभाव पड़ सकता है। संघर्ष के कारण पोत परिवहन लागत में वृद्धि, पारगमन का समय बढ़ना तथा समुद्री बीमा प्रीमियम में वृद्धि हो सकती है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए (इक्रा) के मुताबिक, इस जंग के चलते अगर कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल 10 डॉलर की और बढ़ोतरी होती है, तो भारत के शुद्ध तेल आयात में लगभग 13 से 14 डॉलर की वृद्धि होगी। इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 0.3 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। चालू खाता घाटा एक देश के चालू खाते में आयात और निर्यात के बीच असंतुलन को दर्शाता है। यह वह स्थिति है जब निर्यात से अधिक आयात पर खर्च होता है। मौजूदा संकट में ही भारत से ईरान व पश्चिम एशिया को चावल के निर्यात पर असर पड़ा है। भारत का एक हजार टन चावल से लदा जहाज बंदरगाह पर खड़ा है। भारत के सामने नए रूट तलाशने और नए ट्रेड पार्टनर ढूंढने की चुनौती होगी। इसमें समय लगेगा और लागत बढ़ाने वाला भी होगा। इजरायल व ईरान के बीच जंग का जल्द खत्म होना भारत समेत विश्व के हित में है, शांति की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र को आगे आना चाहिए। अमेरिका, रूस व चीन भी अपनी जिम्मेदारी समझें।

## रणनीति
विवेक शुक्ला



# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान गंवाते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं, पर केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे हैं। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था 'लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।' 11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा, तो इसमें प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ता दिख रही है। यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दवाब में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूटमार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। पीएम मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचारधारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी विचारधारा को चुनौती दी। जनता को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधनमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने खारिज करना शुरू कर दिया। 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया। राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किये गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलरेंस रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं। इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। 600 नक्सलियों ने समर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने समर्पण किया है। ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या तय समय में हल करने के प्रति विश्वास पैदा हुआ है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, यह धारणा बदलने में सफलता मिल रही है। मोदी की अपील की कि 'पृथ्वी को लाल नहीं हरा बनाओ'... परवान चढ़ रही है।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जी-7 देशों का दरक रहा विश्वास



विश्लेषण
प्रो. नीलम महाजन सिंह

जी-7 का शिखर सम्मेलन हाल ही में कनाडा में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही थी कि सम्मेलन में जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। इन हालात ने यह साबित किया है कि जी-7 देशों के आपसी विश्वास दरक रहे हैं। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की।

विकसित देशों के समूह जी-7 का 15-17 जून को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन कनाडा में अल्बर्टा के कनानैस्किस में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। रूस व यूक्रेन के बीच जंग चौथे वर्ष में प्रवेश कर गई है और इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध शुरू हुआ है। उम्मीद थी, दुनिया की उन्नत अर्थव्यवस्थाओं व लोकतंत्रों के एक विशेष ग्रुप ऑफ सेवन या जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। जी-7 ने बड़ा अवसर गंवा दिया। जी-7 में फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली व कनाडा (अध्यक्षता के क्रम में) व यूरोपीय संघ (ईयू) सदस्य देश हैं, जिनके नेता प्रतिवर्ष एकत्रित होते हैं। सम्मेलन पर इजरायल-ईरान युद्ध का प्रकोप दिखाई दिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सम्मेलन छोड़कर पहले ही दिन वापस वाशिंगटन चले गए। ट्रंप ने चीन व रूस को समूह में शामिल करने का प्रस्ताव रखा, पर फ्रांस समेत ईयू की असहमित के चलते प्रस्ताव को भाव नहीं मिला।

सम्मेलन के दौरान अमेरिका व यूरोप के बीच मतभेद साफ दिखाई दिए, कनाडा को लेकर ट्रंप के पूर्व में दिए बयान ने भी कनाडाई पीएम कार्नी के जेस्चर को असहज रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। इन दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध पुनः स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कनाडा में कुछ खालिस्तानी सिखों की हत्या का आरोप भारत पर लगाया गया था, जिससे पूर्व की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस महत्वपूर्ण निर्णय में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की सराहनीय भूमिका रही है। कनाडा व भारत के बीच जमी बर्फ पिघलने की पहल मोदी की यात्रा की उपलब्धि मानी जा सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अधिकांश बहुपक्षीय संस्थाओं ने आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा तय करने की अपनी महत्ता व क्षमता खो दी है। अटलांटिक से प्रशांत महासागर क्षेत्र में आर्थिक व सैन्य शक्ति के वैश्विक बदलाव ने जी-7 के महत्व को कम किया है। अमेरिका व जी-7 के बाकी सदस्यों के बीच 'ट्रांस-अटलांटिक दरार' ने नई चुनौतियां उत्पन्न की हैं। इसने स्पष्टतः शिखर सम्मेलन के दस्तावेजों व चर्चाओं के परिणामों को प्रभावित किया। पहला नुकसान, पहले से बातचीत करके तैयार की गई संयुक्त विज्ञप्ति के रूप में हुआ, जो कि पिछले जी-7 शिखर सम्मेलनों की खासियत थी। अध्यक्ष व मेज़बान के रूप में, कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने इबारत को पढ़ा और टैरिफ, आर्थिक नीति, यूरोपीय सुरक्षा, यूक्रेन, क्षेत्रीय दावे, गाजा व ईरान जैसे कई मुद्दों पर अमेरिका के साथ व्यापक मतभेदों को देखते हुए, इस शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त संचार को समाप्त करने का समय से पहले ही फैसला लिया गया। अध्यक्ष ने वित्तीय व आर्थिक नीति के समन्वय,




शांति-सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने और वैश्विक चुनौतियों के जवाब में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग के लिए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए जी-7 के महत्व पर प्रकाश डाला। यूक्रेन पर एक ही पैराग्राफ से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि अमेरिका-यूरोप मतभेदों को देखते हुए इस मुद्दे पर अलग बयान संभव नहीं था।

इजरायल व ईरान के बीच हाल के घटनाक्रमों पर एक स्टैंड-अलोन बयान जारी किया गया, जिसमें इजराइल की सुरक्षा के लिए समूह के समर्थन को दोहराया गया- 'इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है', पर ज़ोर देकर कहा कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकते। जी-7 ने ईरानी संकट के समाधान का आग्रह किया, जिससे गाजा में युद्धविराम सहित मध्य पूर्व में शत्रुता में कमी आ सकती है। इंडो-पैसिफिक पर अध्यक्ष के सारांश में पैराग्राफ स्पष्ट था, जिसमें चीन के साथ रचनात्मक व स्थिर संबंधों को संतुलित करने के साथ उसे 'बाज़ार विकृतियों और हानिकारक अति क्षमता' से दूर रहने का आह्वान किया गया। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की। आउटरीच सत्र में दक्षिण अफ्रीका, ब्राज़ील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, भारत, ऑस्ट्रेलिया, साथ ही संयुक्त राष्ट्र सचिव व विश्व बैंक के अध्यक्ष सहित; अतिथि देशों के नेताओं की उपस्थिति से जी-7 की स्वीकार्यता में वृद्धि हुई है। सम्मेलन में अनेक क्षेत्रों में सहयोग से संबंधित छह संयुक्त वक्तव्य शामिल हैं। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाएं, जंगल की आग से लड़ने व उससे उबरने के लिए बहुपक्षीय प्रयास, विदेशी हस्तक्षेप का मुकाबला, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दमन पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों को समाप्त करके प्रवासी तस्करी का मुकाबला करना महत्वपूर्ण निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी, को इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रमुख विश्व नेताओं के साथ पुनः जुड़ने का मौका मिला, जहां चीन अनुपस्थित था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व पीएम नरेंद्र मोदी के बीच 35 मिनट की टेलीफोन कॉल हुई। पीएम मोदी के लिए उत्तर-दक्षिण सहयोग के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा पर नई दिल्ली के सुविचारित विचारों को व्यक्त करने का अवसर था। इसे प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने आतंकवाद, ऊर्जा संक्रमण व सामान्य रूप से एआई और प्रौद्योगिकी के प्रति मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर अपने विचारों को प्रकट किया।

सारांशार्थ एक महत्वपूर्ण परिणाम यह था कि भारत-कनाडा संबंधों के सामान्यीकरण व चरण-दर-चरण सुधार पर, मोदी-कार्नी द्वारा परस्पर सहमति से पुनर्स्थापित किया गया। कनाडा का राजनीतिक निष्कर्ष है कि भारत के साथ कई क्षेत्रों, व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, महत्वपूर्ण खनिज और उर्वरक में विस्तारित सहयोग से होने वाला लाभ आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी उत्साहवर्धक थी कि उन्होंने 'भारत-कनाडा मैत्री को गति देने के लिए मिलकर काम करने की योजना बनाई है।' कनाडा के दृष्टिकोण में इस बदलाव को लाने में, कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की एक हालिया रिपोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा के दुरुपयोग करने की बात है। जी-7 के लिए, आपसी विश्वास, बातचीत, विश्व शांति, हिंसा की समाप्ति तथा युद्धविराम अवश्यक हैं। अगले वर्ष जी-7 की प्रेसीडेंसी के रूप में, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि अगला जी-7 शिखर सम्मेलन 14 से 16 जून, 2026 तक फ्रांस के एवियान में होगा। तब तक निश्चित रूप से दुनिया काफी बदल चुकी होगी। जी-7 को अपने अस्तित्व व मकसद ढूंढना चाहिए।

(लेखिका राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
## दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। *–प्रकाश पटेल, कवर्धा*

## ट्रेंड

### एक कठिन विकल्प



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हमारे सामने एक कठिन विकल्प है। एक रास्ता व्यापक युद्ध, गहरी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर नुकसान की ओर ले जाता है। दूसरा रास्ता तनाव कम करने, कूटनीति और संवाद की ओर ले जाता है।
-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### हमने हमला पूरा किया



हमने ईरान में तीन परमाणु स्थलों पर अपना सफल हमला पूरा कर लिया है। हमारे अमेरिकी योद्धाओं को बधाई। दुनिया में कोई और सेना नहीं है जो ऐसा कर सकती थी। अब शांति का समय है! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।
-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

### सेवा ने प्रभावित किया



हमने एक टीम के रूप में काम किया, हर एक ने प्रतिबद्धता और एकाग्रचित्त होकर काम किया, यही इस सफलता का सबसे महत्वपूर्ण सबक है। आर्यदान शौकत को हार्दिक बधाई, जिनकी लगन और सेवा ने सबको प्रभावित किया।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद

### दुनिया इतनी भी बुरी नहीं



दुनिया इतनी भी बुरी नहीं है। कोई हंसता रहा, तब तक रोता रहा, जब तक रो नहीं गया। किसी ने अपने नवजात शिशु को गोद में लिया। किसी को दूसरा मौका मिला। उम्मीद अभी भी जिंदा है। अच्छाई अभी भी मौजूद है। दुनिया में अभी भी बहुत खूबसूरती है
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने अमेरिकी बमबारी काफी नहीं



चीन की आधिकारिक मीडिया ने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी की आलोचना करते हुए इसे रसातल की ओर उठाया गया एक और कदम बताया। वहीं, चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि हमलों में इस्तेमाल किये गए अमेरिकी 'बंकर-बस्टर' बम ईरान के भूमिगत परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं। अमेरिका ने सुबह ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु स्थलों पर हमला कर देश के परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने तीन परमाणु स्थलों पर 'बहुत सफल' हमला किया है। चीन ने युद्ध को रोकने के लिए शनिवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की अपील की थी। हालांकि, उसने अबतक अमेरिकी हवाई हमलों पर आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, सरकारी अखबार 'चाइना डेली' के संपादकीय में कहा गया है कि ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर अमेरिका द्वारा किया गया एकतरफा सैन्य हमला एक लापरवाही भरा कदम है तथा यह अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि इस तरह की एकतरफा नीति नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करती है तथा एक खतरनाक मिसाल कायम करती है।

## ऑफ बीट

# सर्दी के विषाणुओं से दिल के दौरे, स्ट्रोक आने की आशंका



सर्दियों का मौसम आने के साथ ही ठंड के दिन और श्वसन से जुड़े विषाणुओं में अपरिहार्य मौसमी उछाल भी आता है। लेकिन हमें केवल छींकों की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। सर्दियों के महीनों में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले भी बढ़ जाते हैं। आम श्वसन विषाणु से संक्रमित होने से दिल का दौरा या 'स्ट्रोक' का अल्पकालिक जोखिम बढ़ जाता है। दूसरे शब्दों में, आम विषाणु, जैसे कि फ्लू और कोविड का कारण बनने वाले विषाणु ही ऐसी स्थिति को जन्म देते हैं। विषाणु दिल के दौरे की वजह बन सकते हैं? धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और व्यायाम की कमी जैसे पारंपरिक जोखिम कारक दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' के मुख्य कारण हैं। और सर्दियों में दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' की दरें कई कारणों से बढ़ सकती हैं। कम तापमान, कम शारीरिक गतिविधि, घर के अंदर ज़्यादा समय बिताना – शायद घर के अंदर वायु प्रदूषकों के कारण – जैसे कारक रक्त के थक्का जमने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं तथा पारंपरिक जोखिम कारकों के प्रभावों को बढ़ा सकते हैं।

# चार राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनावः दो सीटें आप ने जीतीं.. भाजपा, टीएमसी और यूडीएफ ने एक-एक पर बाजी मारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदान 19 जून को हुआ था इसके बाद मतगणना सोमवार को की गई। लुधियाना वेस्ट से हारने के कुछ ही घंटे बाद भारत भूषण आशु ने पीपीसीसी कार्यकारी अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। आशु ने कहा कि वह हार की जिम्मेदारी लेते हैं।

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में नीलांबुर सीट से यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। इसी तरह पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।

### पंजाब के डिप्टी सीएम बनेंगे संजीव

संजीव अरोड़ा के लुधियाना पश्चिमी सीट जीतने के बाद पंजाब कैबिनेट में बड़े फेरबदल की संभावना है। उन्हें मंत्री पद का वादा किया गया था, और महत्वपूर्ण विभाग मिलने की उम्मीद है, हालांकि उपमुख्यमंत्री पद पर मुख्यमंत्री मान और केजरीवाल के विचार भिन्न थे। कैबिनेट में दो पद खाली हैं, और माझा क्षेत्र से भी एक नया मंत्री आ सकता है। कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभाग बदल सकते हैं या उन्हें हटाया जा सकता है।

### केजरीवाल का राज्यसभा जाना संभव

पंजाब की लुधियाना वेस्ट आम आदमी पार्टी (आप) के पास थी। लुधियाना वेस्ट से आप ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को कैंडिडेट बनाया है। अरोड़ा विधायक बनते हैं तो उन्हें राज्यसभा सीट छोड़नी होगी, जिससे यह सीट खाली हो जाएगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि आप अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेज सकती है।

### मतगणना के दौरान धमाका, बच्ची की मौत

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

# कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय व राज्य मंत्रियों-विधायकों ने रोहतक पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

### सिंधु भवन में मुख्यमंत्री ने लगाई त्रिवेणी

**रोहतक**। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की पूज्य माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि माता परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और उन्होंने हमेशा समाज व गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर त्रिवेणी का पौधरोपण किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी और सरकार के कई मंत्री भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### ये भी शोक जताने पहुंचे

पूर्व मंत्री डॉ सत्यपाल, संत हूजूर कुंवर साहेब महाराज, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, जेजेपी नेता अजय चौटाला, पूर्व मंत्री संजय सिंह, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक उकलाना नरेश सेलवाल, पूर्व विधायक दूड़ाराम, पूर्व विधायक सीताराम यादव, बलवान दौलतपुरिया पूर्व विधायक, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, बख्शी सिंह विर्क, पूर्व चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश चहल, स्वामी राघव देव महाराज, स्वामी राघवेंद्र महाराज, स्वामी श्रणानंद महाराज, जिला परिषद हिसार चेयरमैन सोनू सिहाग, महाराज दर्शन गिरी, कैप्टन योगेश बैरागी, जिलाध्यक्ष गुरुग्राम नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, सर्व प्रिय त्यागी , पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फोगाट, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिन्धु निवास, रोहतक पहुँचकर पूज्य माता जी स्वर्गीय श्रीमती परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धासुमन अर्पित की। श्रद्धा और स्मरण के इन भावुक क्षणों में उन्होंने माता जी के तप, त्याग, संघर्ष और सेवा भाव को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज और परिवार के लिए अमिट प्रेरणा का स्रोत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एक पेड़ 'मां' के नाम त्रिवेणी के रूप में परागण में रोपित कर, उन्हें प्रकृति में सजीव करने का भावपूर्ण कार्य किया। यह त्रिवेणी माता जी की स्मृति और आशीर्वाद का प्रतीक बनकर सदैव जीवंत रहेगी।

स्मृति





### नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भाजपा परिवार ने एक श्रद्धालु, संस्कारी मातृरूप को खो दिया है। उनका समर्पित जीवन हम सबके लिये प्रेरणा-स्त्रोत है। संगठन हर सुख-दुख में परिवार के साथ खड़ा रहेगा।
- केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि परमेश्वरी माता जी ने सेवा, सहिष्णुता और संयम के मूल्यों को अपने जीवन में चरितार्थ किया।
- राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि आर्य समाज के उत्थान में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वे निस्वार्थ सेवा की प्रतिमूर्ति थीं।
- प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि माता जी के स्नेहिल आशीर्वाद से अनेक कार्यकर्ताओं का जीवन संवरा है।
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद ही संतानों की सबसे बड़ी निधि होता है।
- राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उनका व्यक्तित्व विनम्रता और त्याग का अनूठा संगम था। समाज-सेवा में उन्होंने जो मिसाल कायम की, वह हम सबके लिए प्रेरक है।
- खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मां का साया छिन जाना सबसे बड़ा दुख है। परमेश्वरी जी ने जिस सत्साहस से परिवार और समाज को संजोया, वह विरली बात है।
- खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि माता जी सादगी, सद्भाव और सेवा-भाव की प्रतिमूर्ति थीं।
- कांग्रेस के रोहतक शहर से विधायक बीबी बत्तरा ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी का स्नेहिल व्यवहार हमेशा याद रहेगा।
- पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि माता जी ने सदैव सादगी व सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हरियाणा समाज पर अमिट छाप छोड़ गया है।
- पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह-माता परमेश्वरी देवी जी बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी। उनका जीवन सादगी भरा रहा। उनके दिए संस्कारों की वजह से परिवार आगे बढ़ रहा है।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन मूल्यों और सिद्धांतों का जीवन रहा। उनका अपना जीवन जन हित और समाज कल्याण के कार्यों में लगाया।
- पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के जीवन से समाज को कुछ सीखना चाहिए।
- बवानी खेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा माता परमेशवरी देवी को परमात्मा अपने चरणों में स्थान दे।
- भाजपा सांसद चौधरी धर्म सिंह सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन त्याग, तपस्या से भरा रहा। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ईरान पर अमेरिकी हमले का विरोध किया कांग्रेस ने, किसी भी संप्रभु राष्ट्र पर हमले की इजाजत नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरे ने विश्व शांति पर जोर देते हुए ईरान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और किसी भी स्वतंत्र, लोकतांत्रिक देश पर हमले का विरोध करता है। खरगे ने ईरान को भारत का महत्वपूर्ण पड़ोसी और समय विश्वसनीय भागीदार बताया। उन्होंने कहा, 'ईरान हमारा पड़ोसी है और मुश्किल वक्त में हमेशा हमारे साथ खड़ा रहा है। हमारे बीच व्यापारिक रिश्ते हैं, विशेष रूप से कच्चे तेल के आयात के क्षेत्र में। जब संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर का मुदा उठा था, तब ईरान ने भारत का समर्थन किया था। हम चाहते हैं कि ईरान को किसी तरह की परेशानी न हो।' उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि शांति की कामना करने वाले देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'चाहे वह इजरायल हो, ईरान हो, या अमेरिका, किसी को भी किसी संप्रभु और लोकतांत्रिक देश पर हमला नहीं करना चाहिए। आज अगर ईरान के साथ ऐसा हो रहा है, तो कल यह किसी और देश के साथ भी हो सकता है।' उन्होंने भारत की शांति नीति को दोहराते हुए कहा कि भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है जो विश्व में शांति और स्थिरता चाहते हैं। 'हमारा देश हमेशा से शांति का समर्थक रहा है और युद्ध या हिंसा का विरोध करता है। हम चाहते हैं कि सभी देश एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करें,' उन्होंने जोड़ा। खरगे के इस बयान को विदेश नीति के जानकारों ने महत्वपूर्ण माना है, खासकर उस समय जब मध्य पूर्व में तनाव बढ़ रहा है। उनका यह बयान भारत की उस नीति को रेखांकित करता है जो वैश्विक शांति और सहयोग पर आधारित है।

उल्लेखनीय है कि ईरान और भारत के बीच दशकों से मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। भारत, ईरान से कच्चा तेल आयात करता है और दोनों देश चाबहार बंदरगाह परियोजना जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग में भी शामिल हैं। इसके अलावा, क्षेत्रीय स्थिरता और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भी दोनों देशों ने मिलकर काम किया है। खरगे का बयान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ईरान से संबंधित चर्चाएं तेज हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि खरगे का यह बयान कांग्रेस की विदेश नीति को स्पष्ट करता है, जो शांति और संप्रभुता के सम्मान पर आधारित है। यह बयान मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच भारत की संतुलित कूटनीति को दर्शाता है। कूटनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने बयान से भारत की उस दीर्घकालिक नीति को मजबूत किया है जो विश्व शांति, सहयोग, और संप्रभुता के सम्मान पर आधारित है।

# सार्वजनिक व्यय का मूलमंत्र दक्षता, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन हैः ओम बिरला

*लोक सभा अध्यक्ष ने मुंबई में संसद और राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण और जन-केंद्रित शासन के माध्यम से वित्तीय निगरानी को मजबूत करने का आह्वान किया। सार्वजनिक व्यय में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने में वित्तीय अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए, बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि शासन को लोगों की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वित्तीय निगरानी तंत्र न केवल प्रभावी हो बल्कि समावेशी और लोगों के सरोकारों के प्रति उत्तरदायी भी हो। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक व्यय का मूलमंत्र दक्षता, पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन है । बिरला ने सोमवार को महाराष्ट्र विधान भवन, मुंबई में संसद और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के विधानमंडलों की प्राक्कलन समितियों के सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ये टिप्पणियां कीं। इस सम्मेलन का आयोजन भारत की संसद की प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया जा रहा है।



इस अवसर पर बिरला ने कहा कि प्राक्कलन समिति के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित यह सम्मेलन न केवल इसकी उपलब्धियों का परिचायक है, बल्कि वित्तीय अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और प्रणालीगत सुधारों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में इसकी उभरती भूमिका का प्रतिबिंब भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दशकों से, समिति एक महत्वपूर्ण निगरानी तंत्र के रूप में विकसित हुई है जो बजटीय अनुमानों की जांच करती है, कार्यान्वयन का मूल्यांकन करती है और सरकार के कार्यों को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई योग्य सिफारिशें करती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि समिति ने सचिवालय के पुनर्गठन, रेलवे की क्षमता एवं इसकी परिचालन क्षमता, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, गंगा नदी के कायाकल्प आदि सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में अग्रणी योगदान दिया है। उन्होंने इस बात का उल्लेख करते हुई खुशी जताई कि सरकारों ने समिति की 90 से 95 प्रतिशत सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है।

## खगड़िया में 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन

# लगभग 26 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना पीएम मोदी के कल्याणकारी नीतियों का परिणामः प्रल्हाद जोशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के खगड़िया जिले में निर्मित अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन सोमवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा की इस साइलो गोदाम का कुल क्षमता 50,000 मीट्रिक टन है। साथ ही साथ इस तरह के साइलो गोदाम के निर्माण से कम जगह मे अनाज भंडारण बेहतरीन तरीके से संभव हो पता है। इसके अतिरिक्त अनाज की सुरक्षा भी अत्याधुनिक यंत्रों के उपयोग से कई गुना बढ़ जाती है। इस तरह के गोदाम प्रधानमंत्री के आकांक्षा के अनुरूप है। उद्घाटन समारोह के अवसर पर जोशी ने कहा कि यह साइलो पूरी तरह यंत्रीकृत है तथा स्टील से निर्मित है, जिससे कम जगह में अधिक अनाज संग्रहित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा में भंडारण के दौरान अनाज खराब नहीं होगा तथा इससे स्टोरेज लॉस में कमी आएगी। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि इस तरह के साइलो गोदाम के निर्माण की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 मे रखा गया। उन्होंने वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष के कार्यकाल मे इक्स्ट्रीम पॉवर्टी रेट 27 प्रतिशत से घटकर लगभग 5 प्रतिशत ही रह गई है। लगभग 26 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है।



केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का जिक्र करते हुए कहा की इसके तहत लगभग 80 करोड़ देशवाशियों को मुफ्त अनाज दिए जा रहे हैं। यह संख्या कई यूरोपीय देशों के सामूहिक जनसंख्या से भी ज्यादा है। केन्द्रीय मंत्री ने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम योजना संबंधी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी नीतियों के वजह से भारत आज सबसे तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। कल्याणकारी नीतियों की कड़ी मे उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 48 घंटे के अंदर मे किसान के खाते मे पैसा पहुँच रहा है। 3,80,000 करोड़ रुपये सीधे प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों के खाते मे पारदर्शी तरीके से पहुँचा दिए गए हैं। इस अवसर पर बिहार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेसी सिंह भी उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त, अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय जनप्रतिनिधि, और प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 183 दिनांक 19.06.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सैक्टर-27 जिला सोनीपत।



गुमशुदा की पहचान
नाम- सुमित ।
पिता का नाम- विजय कुमार ।
पता - 05/18 अशोक नगर सोनीपत हरियाणा ।
उम्र- 33 वर्ष
कद- "6" फुट।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, दाढी-मुछ रखे हुए हैं। हष्ट-पुष्ट शरीरा
पहनावा- काले रंग की टी-शर्ट नीली जीन्स लाल रंग के स्पोर्टस जुते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-06-2025 को सुमित पुत्र विजय कुमार वासी 05/18 अशोक नगर सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया है। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना- 7419410535
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-946600965
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3546/2026/35873/88/7 दि. 23.06.25

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 238 दिनांक 19.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान बारे-
नाम- बलवान
पिता/पति- पुत्र भीम सिंह
पता - निवासी सैमाण जिला रोहतक
उम्र- 52 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईच ।
हुलिया - रंग सांवला, पतला व लम्बूतरा चेहरा, दाहिने पैर में लचक व चेहरे पर चोट निशान ।

लगभग 1 साल 6 महिने पहले बलवान पुत्र भीम सिंह निवासी सैमाण जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9466207401

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 170 दिनांक 21.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान बारे-
नाम- महेन्द्र
पिता/पति-
पता - निवासी धामड रोहतक ।
उम्र- 64 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईच ।
हुलिया - रंग साँवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - गेंहुआ कुर्ता, गहरे भूरे रंग की पैंट व पैरों में काली चप्पल पहने हुए व साईकिल साथ।

दिनांक 18.06.25 को महेन्द्र निवासी धामड रोहतक बिना किसी को बताए कहीं अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9896155073

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 121 दिनांक 21.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान बारे –
नाम - राममेहर गोयल
पिता/पति-
पता - निवासी तिलक नगर रोहतक
उम्र- 80 वर्ष
कद- 5 फुट 11 ईंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा ।
पहनावा - सफेद रंग की बनियान व पजामा व पैरों में जूत्ते पहने हुए है।

दिनांक 09.06.25 को राम मेहर गोयल निवासी तिलक नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468459952

पीआरडीएच-1084/11/3549/2026/35876/88/7 दि. 23.06.25

# ऑडी ने भारत में लांच किया क्यू 7 सिग्नेचर एडिशन, कीमत 99.81 लाख रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जर्मन लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने अपनी प्रमुख एसयूवी ऑडी क्यू7 का एक खास वैरिएंट क्यू7 सिग्नेचर एडिशन लांच किया है। यह एक्सक्लूसिव एडिशन चुनिंदा प्रीमियम डिजाइन एलिमेंट्स और लक्जरी फीचर्स के साथ पेश किया गया है, जो क्यू7 की दमदार मौजूदगी को और भी निखारता है। इस वैरिएंट में ऑडी रिंग्स एंट्री एलईडी लैंप्स, डायनैमिक व्हील हब कैप्स और इन-व्हीकल एस्प्रेसो मोबाइल कॉफी सिस्टम जैसे इनोवेटिव फीचर्स शामिल हैं, जो इसे बेहद खास बनाते हैं। इस एसयूवी 99,81,000 रुपए (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

- इस वैरिएंट में ऑडी रिंग्स एंट्री एलईडी लैंप्स, डायनैमिक व्हील हब कैप्स शामिल

## 8 एयरबैग, 7 ड्राइव मोड और कॉफी मेकर जैसे लग्जरी फीचर से लैस

### कॉफी मेकर जैसे लग्जरी फीचर्स

इसमें कई लग्जरी फीचर्स मिलेंगे। टेक्नोलॉजी ट्रिम पर आधारित इस वैरिएंट में दो खास नए फीचर्स जोड़े गए हैं, जैसे कि इसमें इन-कार कॉफी मेकर दिया गया है। इससे अब लंबी ड्राइव पर भी गर्मागर्म कॉफी मिल सकती है। इसमें डैशकैम यूनिवर्सल ट्रॉफिक रिकॉर्डर दिया गया है। बाकी प्रीमियम फीचर्स भी पहले जैसे ही हैं, जैसे कि इसमें ऑडी वर्चुअल कॉकपिट प्लस 3डी साउंड सिस्टम, डुअल टचस्क्रीन एमएमआई नेविगेशन, वायरलेस चार्जिंग, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, 360 डिग्री कैमरा और पार्क असिस्ट प्लस जैसे फीचर्स मिलते हैं। यह एसयूवी 7 सीट्स के साथ आती है और थर्ड रो इलेक्ट्रिकली फोल्डेबल है। इसका बूट खोलने के लिए सेंसर्स दिए गए हैं।



*सेफ्टी फीचर्स भी टॉप क्लास : इसमें सेफ्टी फीचर्स भी टॉप क्लास के मिलते हैं। इसमें 8 एयरबैग्स, लेन डिपार्चर वार्निंग और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल जैसे फीचर्स मिलते हैं।*

### पावर और परफॉर्मेंस

क्यू7 सिग्नेचर एडिशन में वही दमदार इंजन मिलता है। इसमें 3.0 लीटर वी6 टीएफएसआई पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 340एचपी की पावर और 500एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इसके स्पीड की बात करें तो मात्र 5.6 सेकंड में ये कार 0–100 किमी/घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 250 किमी /घंट है। इसके अलावा इसमें ऑडी का ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम है। इसमें एडॉप्टिव एयर सस्पेंशन दिया गया है। इसमें 7 ड्राइव मोड दिए गए हैं, जिसमें ऑफ-रोड मोड भी शामिल है।

### एक्स्ट्रा ग्लैमर

ऑडी क्यू7 सिग्नेचर एडिशन में कंपनी ने ऑडी जेन्यून एक्सेसरीज का इस्तेमाल किया है, जिससे इसका लुक और ज्यादा खास हो गया है। इसमें एलईडी पैडल लैंप्स मिलते हैं, जो ऑडी का लोगो जमीन पर दिखाते हैं।इसमें डायनामिक व्हील हब कैप्स दिया गया है, जो चलने पर भी सीधे रहते हैं। इसमें स्टेनलेस स्टील पेडल कैप्स दिए गए हैं। इसमें नए पेंट फिनिश वाले एलॉय व्हील्स दिए गए हैं और एक मेटालिक की कवर है। ये एसयूवी 5 शानदार कलर में मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### एनबीसीसी को एमडीए से मिला 296.53 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लिमिटेड को मेरठ विकास प्राधिकरण से 296.53 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'मेरठ विकास प्राधिकरण' की ''पुनर्विकास परियोजनाएं'' मिली हैं। ये परियोजनाएं 296.53 करोड़ रुपये की हैं।

### बंधन बैंक ने चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोलीं



**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने देश के चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोली हैं। इन 18 नई शाखाओं में से सात झारखंड में, पांच आंध्र प्रदेश में और तीन-तीन बिहार एवं ओडिशा में हैं। सभी नई शाखाएं चारों राज्यों के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देंगी। इसके साथ ही अब देशभर में बैंक के 6,300 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।

### साया ग्रुप ने लेमन ट्री होटल्स के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी साया ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में अपने 336 'बिजनेस सुइट्स' के प्रबंधन के लिए लेमन ट्री होटल्स के साथ हाथ मिलाया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने लेमन ट्री होटल्स की अनुषंगी कंपनी कार्नेशन होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। समझौते के तहत लेमन ट्री होटल्स, साया साउथएक्स में 336 पूर्ण-सेवायुक्त 'बिजनेस क्लास सुइट्स' का संचालन एवं प्रबंधन करेगा। यह परियोजना तीन एकड़ में फैली हुई है और इसका कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 6.8 लाख वर्ग फुट है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने कहा

# ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप भारतीय बंदरगाहों पर अटकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल फिलहाल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है।

भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा।

### वित्तीय तनाव पैदा हो सकता है

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा

**भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 20 फीसदी हिस्सेदारी**

**निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी**

**ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा**

### कीमतें पहली ही पांच रुपए प्रति किग्रा गिर चुकी

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर चुकी हैं।इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है।



### 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल निर्यात

भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान लगभग 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

### भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं चावल निर्यातक

हरियाणा के चावल निर्यातक जहाज की आवाजाही में बड़ी रुकावट और भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं। ईरान को देश के बासमती चावल निर्यात में हरियाणा के निर्यातकों का हिस्सा 30 प्रतिशत है। जहां करनाल बासमती निर्यात का मुख्य केंद्र है, वहीं कैथल और सोनीपत भी विदेशी मांग में अपना योगदान करते हैं।

### हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30 से 35 फीसदी

चावल निर्यातक संघ की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा, ''ईरान-इजराइल संघर्ष ने व्यापार को प्रभावित किया है।'' उन्होंने कहा, ''देश से ईरान को करीब 10 लाख टन बासमती चावल निर्यात किया जाता है, जिसमें हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30-35 प्रतिशत है।'' उन्होंने कहा कि ईरान के लिए करीब एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर फंसी हुई है।

### 2000 करोड़ की राशि अटकी हुई

भारतीय निर्यातकों द्वारा ईरान को निर्यात किए गए लगभग दो लाख टन चावल के लिए 1,500 करोड़ रुपये से 2,000 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान भी संघर्ष के कारण अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि संघर्ष बढ़ने से भारतीय बाजार पर असर पड़ने वाला है, जहां पहले से ही कीमतों में कुछ गिरावट देखी जा रही है।

## ओकरिज के छात्रों ने कैम्ब्रिज चेकपॉइंट 2025 मूल्यांकन में शानदार प्रदर्शन

**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम, कैम्ब्रिज चेकपॉइंट 2025 मूल्यांकन में अपने प्राथमिक और निम्न माध्यमिक छात्रों की सराहनीय उपलब्धियों का गर्व से जश्न मनाता है। इस वर्ष, ओकरिज के छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कैंब्रिज लोअर सेकेंडरी चेकपॉइंट में, ओकरिज के छात्रों ने गणित और विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ दिया - एक ऐसा मील का पत्थर जो छात्रों की क्षमता और स्कूल के पाठ्यक्रम वितरण की ताकत दोनों को प्रदर्शित करता है। उल्लेखनीय रूप से, जेन्या सलाद्रुला ने अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में 50/50 का पूर्ण स्कोर हासिल किया - एक असाधारण उपलब्धि जो उन्हें वैश्विक स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल करती है। शैली गंटा 48/50 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।कैंब्रिज प्राइमरी चेकपॉइंट में भी छात्रों ने आशाजनक परिणाम दिखाए। कल्याणी झा ने विज्ञान में 50/50 के पूर्ण स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, उसके बाद रिया महालक्ष्मी पिनापतुरनी ने कुल मिलाकर 40/50 का प्रभावशाली स्कोर प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुश्री शैला भामिदिपति ने कहा, 'ये परिणाम हमारे शिक्षार्थियों के समर्पण, लचीलेपन और शैक्षणिक जिज्ञासा का प्रतिबिंब हैं।' 'हमें अपने शिक्षकों पर भी उतना ही गर्व है। जो हर दिन उत्कृष्टता को प्रेरित करते रहते हैं। ओकरिज में, हम भविष्य के लिए तैयार वैश्विक नागरिकों का पोषण करने में विश्वास करते हैं, और यह उपलब्धि उस मिशन में हमारे विश्वास को पुष्ट करती है।' पिछले कुछ वर्षों में इन मूल्यांकनों में ओकरिज विशाखापत्तनम का लगातार प्रदर्शन इस क्षेत्र में कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले एक अग्रणी संस्थान के रूप में इसकी स्थिति को रेखांकित करता है।



## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 37 प्रतिशत घटने का अनुमान

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 37 प्रतिशत घटकर 3.06 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश इस साल जनवरी-जून की अवधि में घटकर 3.06 अरब अमेरिका डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.89 अरब डॉलर रहा था। भारतीय रियल एस्टेट में कुल संस्थागत निवेश में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 68 प्रतिशत है, जबकि घरेलू कंपनियों ने 2025 की पहली छमाही में 32 प्रतिशत निवेश किया है।

### सोने में 160 रुपये की गिरावट, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 160 रुपये टूटकर 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 99,960 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले बाजार बंद के समय इसका भाव 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, सोमवार को चांदी 1,05,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना मामूली रूप से गिरकर 3,365.40 डॉलर प्रति औंस रह गया। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी-जिंस शोध, कायनात चैनवाला ने कहा, ''सोमवार को कुछ समय के लिए सोने की कीमत बढ़कर 3,413.80 डॉलर प्रति औंस हो गई। प्रमुख आंकड़ों का इंतजार : चैनवाला ने कहा कि निवेशक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की कांग्रेस में टिप्पणी, अमेरिकी जीडीपी आंकड़े और कोर पीसीई मुद्रास्फीति के आंकड़ों सहित प्रमुख आर्थिक घटनाओं का इंतजार करेंगे।

## अदाणी ने देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र किया शुरू

- गुजरात के कच्छ में प्रायोगिक स्तर पर चालू किया गया
- भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की बड़ी उपलब्धि

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अदाणी समूह ने गुजरात के कच्छ में भारत का पहला 'ऑफ-ग्रिड' हरित हाइड्रोजन संयंत्र प्रायोगिक स्तर पर चालू किया है। समूह ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी।

'ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन' संयंत्र एक ऐसी सुविधा है जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर या हवा द्वारा संचालित 'इलेक्ट्रोलिसिस' का उपयोग करके हाइड्रोजन का उत्पादन करती है। यह मुख्य विद्युत ग्रिड से जुड़ा नहीं है। इसका मतलब है कि संयंत्र की हाइड्रोजन उत्पादन प्रक्रिया पूरी तरह से अपनी अक्षय ऊर्जा उत्पादन पर निर्भर करती है। यह पांच मेगावाट का संयंत्र अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल)



द्वारा तैयार किया गया है। एएनआईएल, अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की स्वच्छ ऊर्जा इकाई है। भारत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को सक्षम करने की दिशा में इसे एक बड़ी उपलब्धि करार देते हुए समूह ने कहा कि सफल शुरुआत तकनीकी व्यवहार्यता को दर्शाती है। उत्सर्जन-गहन क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन का 'ऑफ-ग्रिड', नवीकरणीय-संचालित औद्योगिक अनुप्रयोगों तथा इसके डेरिवेटिव के लिए एक मिसाल कायम करता है। बयान में कहा गया, अत्याधुनिक संयंत्र सौर ऊर्जा पूरी तरह से हरित तरीके से संचालित है और एक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के साथ जुड़ी है। इससे यह पूरी तरह से 'ऑफ-ग्रिड' संचालित करने में सक्षम है। सिर्फ पानी की वाष्प का उत्सर्जन होता है यह विकेंद्रीकृत, नवीकरणीय-संचालित हाइड्रोजन उत्पादन में एक नए प्रतिमान को दर्शाता है। हाइड्रोजन, सबसे हल्का और सबसे प्रचुर तत्व है। यह ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप भी है। इसके जलने पर सिर्फ पानी की वाष्प का उत्सर्जन होता है।

### एबीएलबीएल का शेयर विभाजन के बाद सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल से अलग होने के बाद आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड का शेयर सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने 167.75 रुपये पर शुरुआत की और बाद में यह 4.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 176.10 रुपये पर पहुंच गया।

### पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा शेयर बाजार

*मुंबई। ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा। विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था। निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।*

### एनटीपीसी ने बांड से राशि जुटाने शेयरधारकों से मंजूरी मांगी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी घरेलू बाजार में निजी आवंटन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) यानी बॉन्ड जारी कर 18,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगेगी। सरकारी स्वामित्व वाली एनटीपीसी ने सोमवार को एक पोस्टल बैलट नोटिस जारी कर इलेक्ट्रॉनिक मतदान के जरिये विशेष प्रस्ताव पर सदस्यों की मंजूरी मांगी।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-07 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी), माध्यमिक स्तर (बी.ए. बी.एड. और बी.कॉम. बी.एड.) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 20.06.2025
आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि : 05.07.2025

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध सत्र 2025-26 हेतु 4-वर्षीय अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स, 5-वर्षीय एकीकृत, 5-वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

**टिप्पणी : मेरिट लिस्ट एनटीए द्वारा जारी एनसीईटी के स्कोर कार्ड के आधार पर तैयार की जाएगी।**

संवाद-1235/11/159/2026/35878/सी/88/7 दि. 23.06.25 रजिस्ट्रार

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | किशनपुरा गली वार्ड नं. 8, एम.सी. रोहतक में विभिन्न गली का निर्माण। | 21.06.2025 30.06.2025 | 38.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35883/1/88/7 दि. 23.06.25

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्च अधिक रहेंगे। मन अशान्त रहेगा।

**वृष** — मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन** — व्यवहारिकता में कमी आ सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। आय में वृद्धि भी होगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। अध्ययन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** — शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। निराशा के भाव रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। उच्चशिक्षा के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्च अधिक रहेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मीन** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उपहार में वस्त्र मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5907




**बाएँसेदाए±**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

### शब्द पहेली -5906 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |






## खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा

# हरियाणा के उदय सिंह व चंडीगढ़ की जीन्नत मलिक ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

### गौतम बोले, हरियाणा हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा

### मुक्केबाजी जैसी कठिन प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पांचवें दिन सोमवार को मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में जबरदस्त ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया। पांचवे दिन हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज कविता चहल और अर्जुन पुरस्कार विजेता कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा भी मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा बॉक्सिंग संघ को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा है। मुक्केबाजी जैसी कठिन प्रतिस्पर्धा में हमारे खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। मैं आप सभी युवा खिलाड़ियों से कहना चाहता हूं कि हार-जीत से ज्यादा जरूरी है आत्मविश्वास और अनुशासन। रिंग में जब भी उतरें, पूरा जुनून और समर्पण लेकर उतरें, क्योंकि असली मुक्केबाज़ी वहीं से शुरू होती है। सरकार खिलाड़ियों के हर सपने के साथ खड़ी है। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान लड़कियों की कैटेगरी में चंडीगढ़ की जीन्नत मलिक ने शानदार खेल दिखाते हुए हिलांग आना को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। जीन्नत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और दमदार पंचों के साथ मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। लड़कों की कैटेगरी में हरियाणा के उदय सिंह ने विगनेश कोलार को मात दी। उदय ने रणनीतिक रूप से मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ा और निर्णायक बढ़त बनाकर मुकाबला जीता। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ रोहतक के महासचिव संदीप मोर भी मौजूद रहे।




### सभी राज्यों के खिलाड़ी रिंग में जोश से लबरेज

इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया है। अब चैंपियनशिप अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। अगले कुछ दिनों में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिन पर देशभर के खेलप्रेमियों की निगाहें टिकी हुई हैं।

### लड़कों के अलग-अलग भारवर्ग में विजेता खिलाड़ी

नरेंद्रा कुमार नीला, ध्रुव खर्ब, उदय सिंह, आर्यन मुखी, अंबेकर मितई लिर्नलाकपा, फलक, प्रियांशु वर्मा, गोपाल गणेशी, पियूष, रोहन जोशी, अमन देव, लांचेंबा सिंह, लवशन सिंह यंगकोम, आदित्य, मिलन, टिकम सिंह, मिरजा अली बाग, उधम सिंह राघव, आशीष, अर्श, इशाक लामकिमा, रितेश कुमार, शुभम यादव, लक्की भगदवाल, साहिल दूहन, शाश्वत महाले, पृथ्वी ठाकुर व आर्यन ने क्वार्टर फाइनल के लिए जगह बनाई।

### लड़कियों के अलग-अलग भारवर्ग में विजेता खिलाड़ी

मोनिका डोले, लक्ष्मी, जीन्नत मलिक, खुशीचंद, लक्ष्मी लमानी, के महालक्ष्मी, जीया, अफासा कालिया, भक्ति, रिया हेकम, अहाना शर्मा, ममता रोट, समीक्षा सिंह, सिमरन, अलिशा, नेतिक, नमिता सिंह, मारिया गोगोई, भार्गव भोंगू, चंदरिका पुजारी, यानी वाय सोनम, राधामणी, प्रतिमा, हर्षिता कुमारी, इशिका, हर्षिका, सिमरनजीत कौर, चाहत व अनाया ठाकुर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे के अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा हरियाणा ओलंपिक संघ और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 6वीं जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के दौरान इस विशेष दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने हरियाणा बॉक्सिंग परिवार को हमेशा प्रेरित किया है। कार्यक्रम में रविंद्र पन्नू संयुक्त सचिव एवं महासचिव सतीश के. सरहड़ी, ओमबीर हुड्डा प्रशासनिक निदेशक एवं प्रतिनिधि ने विशेष रूप से शिरकत की।

## खबर संक्षेप

### धिनिधी ने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**भुवनेश्वर।** धिनिधी देसिंघू ने सोमवार को यहां 78वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के दूसरे दिन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दो मिनट 2.97 सेकेंड के समय से नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया जबकि शोअन गांगुली ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले का प्रतियोगिता रिकॉर्ड अपने नाम किया। शोअन गांगुली ने दो मिनट 4.34 सेकेंड के समय से कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में नया प्रतियोगिता रिकॉर्ड बनाया। दिल्ली के कुशाग्र रावत ने 15 मिनट 32.95 सेकेंड के समय से 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**देहरादून।** भारत के शीर्ष निशानेबाज मंगलवार से यहां त्रिशूल शूटिंग रेंज में शुरू हो रहे ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में हिस्सा लेंगे। ये ट्रायल अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करने में मदद करेंगे। लगातार तीन विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली सुरुचि सिंह, म्यूनिख स्वर्ण पदक विजेता आर्य बोरसे और अर्जुन बबूता, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले, मौजूदा विश्व कप पदक विजेता सौरभ चौधरी, रुद्राक्ष पाटिल, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा, विजयवीर सिद्धू और चैन सिंह के साथ-साथ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, संदीप सिंह, वरुण तोमर और किरण अंकुश यादव जैसे प्रमुख निशानेबाज ट्रायल का हिस्सा होंगे।

### चावला और गुप्ता एशियाई 6 रेड स्नूकर के नॉकआउट में


**कोलंबो।** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को यहां एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी: टंग और कार्स को 3-3 विकेट

# पंत और राहुल के शतक, भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 371 रन का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ लीड्स

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से भारत ने सोमवार को यहां पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट पर 21 रन बना लिए। भारत तीसरे सत्र में दूसरी पारी में 364 रन पर सिमट गया और पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बने। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। वहीं राहुल ने सुबह 47 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 62वें ओवर में 202 गेंद में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया। राहुल ने करीब 18 महीने में पहला टेस्ट शतक जड़ा है।




### विकेटकीपर होकर पंत ने हासिल किया यह मुकाम

ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक जमा दिया है। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने गए हैं। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने भारत के खिलाफ साल 2000 में नागपुर टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था।

### केएल राहुल ने 9वां टेस्ट शतक लगाया

बता दें कि केएल राहुल ने अपने करियर का 9वां शतक लगाया। उन्होंने शोएब बशीर के ओवर की आखिरी बॉल पर 2 रन लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। बशीर ने सामने की तरफ ओवरपिच बॉल फेंकी थी। केएल राहुल पिछली पारी में 42 रन पर आउट हुए थे।

### लंच के बाद जोश टंग ने पहला ओवर मेडेन फेंका

लंच के बाद बॉलिंग करने आए जोश टंग ने पहला ओवर मेडेन फेंका। इस ओवर की सभी 6 बॉल उन्होंने ऑफ स्टंप की तरफ फेंकी। ऋषभ पंत ओवर में कोई रन नहीं बना सके।

# बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में लिए 5 विकेट

## एसईएनए देशों में बनाए रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶ लीड्स

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल है। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए। बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए।

**जोरदार रही बुमराह की गेंदबाजी**

बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल की। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए।



### विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल वाले भारतीय बने बुमराह

बुमराह का यह विदेशों में (घर से बाहर) कुल 12वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ ही वह विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल (संयुक्त रूप से) वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में कपिल देव की बराबरी की।

### एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई

बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 60 पारियों में यह कारनामा किया है। उन्होंने इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए थे। इस सूची में पूर्व भारतीय स्पीनर अनिल कुंबले (67 पारियों में 141 विकेट) तीसरे और इशांत शर्मा (71 पारियों में 130 विकेट) चौथे स्थान पर काबिज हैं।

# दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को लगा भारी झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


बांग्लादेश क्रिकेट टीम इन दिनों श्रीलंका के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। वहीं अब दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है। अहम मैच से पहले श्रीलंका के स्टार तेज गेंदबाज की छुट्टी हो गई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मिलन रथनायके को गॉल टेस्ट में बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण गदूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। दूसरा टेस्ट 25 जून से शुरू होगा। श्रीलंका अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज के बिना भी खेलेगी। सीरीज के पहले मैच के बाद उन्होंने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। उनकी जगह श्रीलंका टीम ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो और शानदार गेंदबाज डुनिथ वेलालेज को टीम में शामिल किया है।



# मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

एजेंसी ▶▶ अटलांटा

इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स)।** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता।



**रजत और कांस्य पदक विजेता :** अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

ओआईसी की बैठक में पाक की टिप्पणियों पर भारत की दो टूक प्रतिक्रिया

# पाकिस्तान की संकीर्ण राजनीतिक सोच का उपकरण बनता जा रहा ओआईसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद की एक बैठक में पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ की गई टिप्पणियों को लेकर सोमवार को विदेश मंत्रालय ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी। जिसमें एक बयान जारी कर पाकिस्तानी टिप्पणियों को पूरी तरह से तथ्यों से परे और गैरजरूरी करार दिया गया। साथ ही कहा कि आतंकवाद को बतौर राज्य नीति बनाने वाला पाकिस्तान ओआईसी के मंच का लगातार दुरुपयोग कर रहा है।

भारत ने पाक पर निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान अपनी तमाम असफलताओं, अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और आंतरिक अव्यवस्था से ध्यान भटकाने के लिए ओआईसी जैसे मंचों का सहारा ले रहा है। जिससे लगता है कि इस्लामिक देशों का यह अंतरराष्ट्रीय मंच पाकिस्तान की संकीर्ण राजनीतिक सोच का उपकरण बनता जा रहा है।

## दूसरों को उपदेश देने का अधिकार नहीं

मंत्रालय ने बयान में इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाक समर्थित आतंकवादी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के केंद्र- शासित प्रदेश के खिलाफ की गई संगठन की टिप्पणियां हमें पूर्णतः अस्वीकार्य हैं। पहलगाम हमले पर साधी गई ओआईसी की चुप्पी वैश्विक आतंकवाद के मामले पर बनी सहमति के निरादर के समान है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और संप्रभु अंग है। ऐसे में ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है।

ओआईसी की बैठक में पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर की भारत की कार्रवाई को अनुचित सैन्य आक्रामकता बताते हुए भारत पर आरोप लगाया था। जिसे मंत्रालय ने अपने बयान में सिरे से खारिज हुए कहा कि ये अभियान भारत की तरफ से आत्मरक्षा में उठाया गया कदम था। जिसके केंद्र में पाकिस्तान के इलाके में सक्रिय आतंकवादी अड्डे थे। भारत ने पाकिस्तान की कथित जवाबी सैन्य कार्रवाई को विफल बताया और कहा उसने जानबूझकर भारत में नागरिक जगहों पर हमले किए। जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए, संपत्ति का नुकसान हुआ। ऐसे में जिस देश में स्वयं मानवाधिकारों के मामले में हालात बहुत अच्छे नहीं हैं, जो दशकों से आतंकवादियों की शरणस्थली बना हुआ है। उसे इन दोनों मामलों में किसी दूसरे देश को उपदेश देने की कोई नैतिक अधिकार या आवश्यकता नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने हासिल किए सभी लक्ष्यः राजनाथ




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को लेकर कहा कि इसके जरिए भारत ने अपने निर्धारित किए हुए सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की। साथ ही ये ही वो अभियान था जिसके जरिए हम आतंकवादियों के मन में डर बिठाने में कामयाब हुए। रक्षा मंत्री ने यह जानकारी राष्ट्रपति भवन में आयोजित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे वर्ष में दिए गए 51 भाषणों के संग्रह का विमोचन करते हुए दी। जिसका शीर्षक विंग्स टू आवर होप्स (वॉल्यूम-2) था।

यहां बता दें कि इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कुल 26 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया था। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक था। भारत ने पिछले महीने 7 तारीख को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकवादियों के कुल 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पहलगाम हमले का बदला लिया। जिसमें 100 से अधिक आतंकियों को ढेर किया गया। भारत की इस सैन्य कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव चरम पर पहुंच गया था। जिस पर फिलहाल 10 मई की शाम पांच बजे से लागू किए गए संघर्षविराम के बाद अस्थायी रोक लगी हुई है। रक्षा मंत्री ने भी अपने बयान में ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को पहलगाम हमले के बाद भारत की तरफ से दिया गया जवाब बताया।

*सीमेंस लोकोमोटिव इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट रहे हैं अश्विनी वैष्णव*

# कांग्रेस की मांग-दाहोद में सीमेंस कंपनी को दिए 26,000 करोड़ के अनुबंध की हो जांच

उनके रेल मंत्री रहते सीमेंस को अनुबंध मिलना हितों के टकराव का आरोप लगाया कांग्रेस ने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव इंजनों के निर्माण के लिए सीमेंस कंपनी को दिए गए अनुबंध में पारदर्शिता की कमी और हितों के टकराव को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए संसदीय जांच की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित यह प्लांट सीमेंस के साथ किए गए 26,000 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत 11 साल की अवधि में 1,200 लोकोमोटिव इंजनों का निर्माण करने के लिए स्थापित किया गया है। लेकिन दावों के विपरीत इस प्लांट में केवल असेंबली, टेस्टिंग और कमीशनिंग हो रही है।

## दावा था प्रोडक्शन का, हो रही है असेंबलिंग



बृजेन्द्र सिंह ने दिसंबर 2022 में भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति का हवाला दिया, जिसमें बताया गया था कि सीमेंस के साथ 26,000 करोड़ रुपये के लेटर ऑफ अवार्ड पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उस समय दावा किया गया था कि लोकोमोटिव इंजनों का पूरा उत्पादन दाहोद में होगा और यह प्लांट लगभग ढाई साल में तैयार हो जाएगा। यह भी कहा गया था कि रेलवे स्टाफ और इंजीनियर्स को इंजन निर्माण का प्रशिक्षण भारतीय रेलवे के डिपो विशाखापट्टनम, रायगढ़, पुणे और खड़गपुर में दिया जाएगा, जिससे दाहोद एक आधुनिक इंजीनियरिंग हब के रूप में उभरेगा और हजारों नौकरियां पैदा होंगी।

## जमीनी हकीकत में कुछ नहीं

कांग्रेस नेता ने कहा कि असल सच्चाई सरकार के दावों के विपरीत है। जिस मेक इन इंडिया या मेक इन गुजरात का लोगों को आश्वासन दिया गया था, वैसा कुछ भी जमीनी हकीकत में नहीं है। दाहोद के प्लांट में उत्पादन के नाम पर सिर्फ असेंबली, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि इंजन सिस्टम, पावर कन्वर्टर और अन्य महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण सीमेंस कंपनी की नाशिक, औरंगाबाद और मुंबई स्थित फैक्ट्रियों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह "मेक इन इंडिया" नहीं है, बल्कि विदेशी नियंत्रण में "असेंबल इन इंडिया" है।

## निविदा पारदर्शी नहीं

बृजेन्द्र सिंह ने इस अनुबंध की बिडिंग प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि आज तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस प्रक्रिया में कौन-कौन सी कंपनियां शामिल थीं। उन्होंने पूछा कि दिसंबर 2022 की सरकारी विज्ञप्ति में कही गई बातों को बदलकर सीमेंस के लाभ के लिए शर्तों और नियमों में बदलाव क्यों किया गया? भारत दाहोद में अपने लोकोमोटिव इंजनों के महत्वपूर्ण घटकों का निर्माण क्यों नहीं कर पा रहा है, जैसा कि वादा किया गया था? यदि उद्देश्य भारत की विनिर्माण क्षमता को विकसित करना था, तो भारतीय रेलवे को केवल अंतिम असेंबली और परीक्षण तक ही क्यों सीमित रखा गया, जबकि सीमेंस महत्वपूर्ण तकनीक और विनिर्माण पर नियंत्रण बनाए हुए है?

**हितों का टकराव, जाँच जरूरी**

कांग्रेस नेता ने इस पूरे मामले में हितों के टकराव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सीमेंस लोकोमोटिव इंडिया को उसके इतिहास का सबसे बड़ा अनुबंध उस समय मिला, जब देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव हैं, जो खुद कभी सीमेंस लोकोमोटिव इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट रह चुके हैं। सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि विनिर्माण सेक्टर का जीडीपी में योगदान घटकर 13.9 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा सब्जबाग दिखाया जा रहा है कि देश विनिर्माण सेक्टर में बहुत तरक्की कर रहा है, लेकिन असल तस्वीर कुछ और ही है।

'नालायक बेटा' बनाम 'लायक दामाद'

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की तेजस्वी पर टिप्पणी पड़ी महंगी, नेटिजन्स ने जमकर की आलोचना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



बिहार चुनाव से पहले सोशल मीडिया पर सियासी पारा हाई है। सूबे में नवंबर के महीने में चुनाव होने हैं। राज्य में जदयू, भाजपा सहित एनडीए की मिलीजुली सरकार चल रही है। बार बार जीत रही है। इस बार जदयू नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत नासाज रहने से बिहार का चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है। सभी दल अपने अपने लिए एक अवसर मान रहे हैं। नीतीश के वोटरों को रिझाने का खेल जहां पक्ष, विपक्ष दोनों तरफा शुरू हो गया है वहीं, रिश्तेदारों को राजनीतिक पदों पर बिठाने का मामला तेजस्वी ने उठाकर मामला सुलगा दिया है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव के दामाद आयोग के कटाक्ष पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया तो उनकी भाषा, शैली और उम्र की दुहाई देते हुए उनके ही खिलाफ प्रतिक्रिया में ढेरों पोस्ट वायरल हो गये। उन्होंने तेजस्वी को परोक्ष रूप से नालायक बेटा और उनकी बहन मीसा भारती के पति शैलेश को घर जमाई कहकर निशाना साधा। जो उलटा पड़ गया। नेटिजन्स ने उनकी इस टिप्पणी की जमकर आलोचना की।

## मांझी की पोस्ट और तेजस्वी पर हमला

मांझी ने एक पोस्ट साझा करते हुए तेजस्वी यादव के दामाद आयोग वाले बयान का जवाब देते हुए लिखा, बेटे और दामाद दो तरह के होते हैं। एक लायक, दूसरा नालायक। लायक बेटा अपने दम पर युनीसेफ में नौकरी करता है, यूजीसी-नेट परीक्षा पास करता है, पीएचडी करता है और फिर बीपीएससी की परीक्षा पास कर विश्वविद्यालय में शिक्षक बनता है। नालायक बेटा 10वीं पास भी नहीं कर पाता, पिता की कृपा से क्रिकेट खेलता है और जब वहां भी फेल हो जाता है, तो उसे जबरदस्ती राजनीति में उतार दिया जाता है। पोस्ट में आगे लिखा, लायक दामाद अपने समाज का पहला इंजीनियर होता है और कई चुनाव लड़ने, सामाजिक कार्य करने के बाद योग्यता के आधार पर ओहदा पाता है। वहीं नालायक दामाद इंजीनियरिंग करने के बावजूद घर जमाई बनता है और सांसद पत्नी का पर्स ढोता है। इस पोस्ट को तेजस्वी और मीसा भारती के पति शैलेश पर सीधा हमला माना गया। यह पोस्ट तेजस्वी के उस बयान के जवाब में थी, जिसमें उन्होंने बिहार में नीतीश सरकार और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में गठित कुछ आयोगों को दामाद आयोग करार देते हुए एनडीए नेताओं के दामादों को नियुक्तियों में लाभ देने का आरोप लगाया था।

## नेटिजन्स की तीखी प्रतिक्रिया

मांझी की इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर तीव्र प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। कई नेटिजन्स ने मांझी के बयान को स्तरहीन और निजी हमला करार देते हुए उनकी कड़ी आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, केंद्रीय मंत्री को इस तरह की भाषा शोभा नहीं देती। यह सियासत का स्तर गिराने वाला बयान है। एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, मांझी जी को पहले अपने घर में झांकना चाहिए। क्या उनका बेटा संतोष मांझी योग्यता के आधार पर ही मंत्री बना? कई यूजर्स ने मांझी के बयान को जातिवादी और निम्न स्तर की राजनीति का हिस्सा बताया। एक यूजर ने लिखा, यह बयानबाजी बिहार की सियासत को और नीचे ले जा रही है। मांझी जी को तेजस्वी के परिवार पर निजी हमले करने की बजाय अपनी उपलब्धियां गिनानी चाहिए। कुछ लोगों ने मांझी के बेटे संतोष सुमन को बिहार सरकार में मंत्री बनाए जाने पर सवाल उठाए, इसे परिवारवाद का उदाहरण बताया।

**तेजस्वी और राजद का जवाब**

तेजस्वी यादव ने मांझी के इस हमले का जवाब देते हुए कहा, मांझी जी को मेरे परिवार पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। बिहार की जनता सब देख रही है। राजद समर्थकों ने भी सोशल मीडिया पर मांझी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और उनकी पोस्ट को अपमानजनक बताया।




बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात में बोले भारत के एनएसए

# *क्षेत्र में शांति-सुरक्षा बनाए रखने के लिए आतंकवाद से मुकाबले की जरूरतः डोभाल*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीजिंग में सोमवार को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें दोनों पक्षों ने भारत और चीन संबंधों से जुड़े हुए हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की और द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण प्रगति को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। दोनों देशों की आमजनता के बीच मजबूत संबंध वार्ता के केंद्र में शामिल रहे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमुं बताया कि डोभाल एससीओ की 20वीं सुरक्षा परिषद सचिवों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने बैठक के दौरान आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इसी से समूचे क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बैठक में साझा हितों से जुड़े हुए द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री के साथ भारत में दोनों पक्षों की सहमति के साथ तय की गई तारीख पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक को लेकर अपनी ओर से इच्छा जाहिर की।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109